विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक
2
संपादकीय
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 26 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# जब साधु-संत भी सत्ता की कतार में खड़े हो जाएं



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब साधु-संत भी सत्ता पाने के लिए उछल-कूद करने लगें तो समझ जाना, ताकत सत्ता में है, ईश्वर में नहीं!! — यह कथन ओशो का ही नहीं, आज के दौर का तीखा और सटीक व्यंग्य भी है।

हम उस देश में जी रहे हैं जहाँ सदियों से साधु-संतों को त्याग, तपस्या और सत्य का प्रतीक माना गया। वे सत्ता से दूर रहते थे, राजाओं को धर्म और न्याय का मार्ग दिखाते थे, लेकिन स्वयं राजनीति से विरक्त रहते थे। परंतु आज दृश्य बदल गया है। अब संतों की गद्दियाँ चुनावी मंचों में बदल चुकी हैं और धर्म की कथाएं वोटबैंक में तब्दील हो गई हैं।

### सत्ता का नया साधन: धर्म

आश्रमों से उठकर अब कुछ चोलेधारी सीधे राजधानी की ओर बढ़ चले हैं। उनका भाषण आध्यात्मिक नहीं, अब रणनीतिक होता है। उनका मौन अब तप नहीं, एक राजनीतिक मौन है — जो चुनाव से पहले टूटता है और घोषणा-पत्र की तरह गूंजता है। पहले साधु सत्ता को उपदेश देते थे, आज वे सत्ता की ओरदली बनकर खड़े हैं।

जो कभी गुफाओं में ध्यानस्थ थे, वे अब हेलिकॉप्टरों में उड़ते हैं; जो कभी मोक्ष की बात करते थे, अब मंत्रालयों की चर्चा करते हैं। धर्म की भाषा अब राष्ट्रवाद के लाउडस्पीकर से निकलती है और ईश्वर का नाम अब नारेबाज़ी में खो गया है।

### जब ईश्वर मंच से उतरकर पोस्टर पर आ जाए

धार्मिक प्रतीक और देवी-देवताओं की तस्वीरें अब भक्ति के स्थान पर प्रचार सामग्री बन गई हैं। आस्था अब एक राजनीतिक एजेंडा है, और साधु अब विचारधारा का मुखौटा। ये वही दौर है जहाँ मंदिरों से ज़्यादा ध्यान मतों पर है, और जप-तप से ज़्यादा ज़रूरी हो गया है 'कैमरा फ्रेम'।

### खोखले अध्यात्म की सत्ता यात्रा

जब कोई त्यागी सत्ता की लालसा में पगड़ी बाँध ले, तो समझ लीजिए कि अब उसका मार्ग मोक्ष की ओर नहीं, मंत्रालय की ओर है। ऐसे समय में ओशो की यह बात हमें सोचने पर मजबूर करती है — क्या वास्तव में अब ईश्वर में कोई शक्ति नहीं बची? क्या हम उस युग में पहुँच चुके हैं जहाँ धर्म सिर्फ एक साधन है, सत्ता तक पहुँचने का?

### निष्कर्ष

यह समय आत्ममंथन का है। अगर संत राजनीति करने लगे, और राजनीति धर्म करने लगे, तो आम जन को सावधान हो जाना चाहिए। कहीं हम ईश्वर की तलाश में ऐसे लोगों को पूजने न लगें, जिनका असली मकसद सिर्फ सत्ता की चाबी पाना हो।

क्योंकि जब चोले राजनीति के रंग में रंग जाएं, तो ईश्वर सिर्फ एक पोस्टर बनकर रह जाता है — और आस्था एक वोट।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के जीवन से मानव समुदाय को मिलती हैं विभिन्न प्रेरणाएं, इसका हर पहलू अनुकरणीय

**डॉ दिनेश चन्द्र सिंह**

हमें पता होना चाहिए कि मोर जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अपनी अद्वितीय सुंदरता के कारण विश्व प्रसिद्ध है। मोर का वैज्ञानिक नाम Pavo cristatus है। इसके आकर्षक रंग सबको लुभाते आए हैं। यह पक्षी जहाँ पर रहता है, वहां आसपास विषधर यानी सांप भी नहीं फटकते हैं।

पक्षी राज मोर या मयूर, जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, इसे किन कारणों से भारत का राष्ट्रीय पक्षी स्वीकार (आत्मसात) किया गया है, इसके पीछे की एक नितांत धार्मिक कहानी है जो रोचक, ज्ञानबर्द्धक और जिज्ञासा पूर्ण है। स्कन्द पुराण में वर्णित है कि पक्षीराज मोर भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय भगवान का वाहन है। कहा जाता है कि कार्तिकेय भगवान मन के बड़े चंचल थे। उन्होंने अपने मन को साधने के लिए बहुत प्रयास किया और मन की चंचलता को जीतने के लिए केन्द्रीय कृत रूप से साधना और प्रयास किया। पिता भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद उनके ऊपर था ही।

कहा जाता है कि उनकी इसी कमी को दृष्टिगत रखते हुए भगवान शिव ने कार्तिकेय जी को वाहन के रूप में मोर पक्षी चयनित करके दिया। क्योंकि पक्षीराज मोर अपने मन की चंचलता, प्रेम और सौन्दर्य के साथ-साथ अपने नृत्य से निज मन की चंचलता को साधता है और इसे साधकर ही किसी शुभ संकेत के आने का एक संकेतक और प्रहरी बनता है। इसलिए भगवान ने कहा है कि अपने प्रेम और सौन्दर्य दोनों से अपने मन की चंचलता को साधना होगा। इसलिए मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाया गया। हालांकि, इस बारे में अन्य कई कथाएं भी हो सकती हैं। लेकिन जहाँ तक मैं समझता हूँ कि मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाने के पीछे उसके सौन्दर्य और प्रेम के अलावा उसके सुंदर नृत्य की भी भूमिका आंकी गई होगी, जिसके पीछे सनातन धर्म की आस्था छिपी हुई है।

कहा तो ये भी जाता है कि यहूदी धर्मावलम्बी भी कार्तिकेय भगवान के अनुयायी हैं और आज भी यहूदी देश में कार्तिकेय भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है और उन्हें आराध्य के रूप में माना जाता है। स्कन्द पुराण में भी यह बात कई जगहों पर वर्णित है, परन्तु मैं जानता हूँ कि मेरा जो अध्ययन है, वह पुराण के प्रति उतना नहीं बल्कि प्राकृतिक सौन्दर्य की अनुभूतिजनित है। इसलिए मैं अपने आवास पर नित्य या यूँ कहें कि आकस्मिक रूप से यदाकदा मोर के नृत्य को बहुत ही बारीकी पूर्वक देखता हूँ, समझता हूँ और उनके विभिन्न भावों को महसूस करते हुए प्रयास करता हूँ कि अपने जीवन में, अपने साथियों के जीवन में और जहाँ पर मैं कार्य करता हूँ, उससे जुड़े सभी लोगों के जीवन में, उनके मन में प्रेम की उमंग के साथ-साथ ऊर्जा का संचार करवा सकूं।

इससे सब लोग माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी के जनहितैषी निर्देशों के क्रम में अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति चेतना युक्त मन से मन की चंचलता को साधते हुए विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं या समाज कल्याण विभाग से कृषि, उद्योग, व्यापार, श्रमिक, बुजुर्ग, दिव्यांग आदि सबके कल्याण के प्रति हमसब परिश्रम कर सकें। इसलिए अक्सर मै मोर के नृत्य को देखता हूँ, सोचता हूँ और उसका वीडियो बनवाकर आप सबसे साझा इसलिए करता हूँ कि इससे मेरी तरह ही आप सभी को कुछ सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहे7 क्योंकि कभी कभी सबका चंचल मन कार्य बोझ तले विचलित होता रहता है। इसलिए हमें अपने मन की चंचलता को पुन: स्थिर करते हुए अपने अपने काम को करने



के लिए संकल्पित होना है। मैं भी होता हूँ।

आइये हमलोग टीम जौनपुर जब मन की चंचलता को साधते हुए कार्य करेंगे, जनकल्याण का कार्य करेंगे, लोकल्याण का कार्य करेंगे, कृषकों, श्रमिकों, उद्यमियों, सबके हित को साधते हुए प्रत्येक गरीब व्यक्ति के जीवन में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। जिस प्रकार माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना अभियान के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के लिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 लाख रुपए की व्याजमुक्त धनराशि देकर उन्हें रोजगार सृजक के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है और उसे कार्यरूप में परिणत कर दिया है, वह भी एक प्रयास है कि युवाओं के मन से उनकी चंचलता को दूर करते हुए उनको रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने जौनपुर जनपद के युवाओं को प्रदेश की भांति ही आगे बढ़ाया जाए, ताकि उनको एक नई दिशा मिल सके और उनका जीवन भी पल्लवित-पुष्पित हो सके।

हमें पता होना चाहिए कि मोर जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अपनी अद्वितीय सुंदरता के कारण विश्व प्रसिद्ध है। मोर का वैज्ञानिक नाम क्ष्रु1श ष्ह्म्द्बह्यह्लड्डह्लह्वह्य है। इसके आकर्षक रंग सबको लुभाते आए हैं। यह पक्षी जहाँ पर रहता है, वहां आसपास विषधर यानी सांप भी नहीं फटकते हैं। इसलिए भारतीय संस्कृति, कला और धर्म में इस पक्षी का एक महत्वपूर्ण स्थान है। मोर की सुंदरता, आहार, जीवन शैली और सांस्कृतिक महत्व हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। इसकी पहचान उसके रंग-बिरंगे पंखों तथा आकर्षक नृत्य से होती है, जो मनभावन लगती है। इसके पंख हरे, नीले और सुनहरे रंगों के मिश्रण से बने होते हैं, जो बेहद आकर्षक और सम्मोहक प्रतीत होते हैं। इसके पंखों पर चंद्रमा जैसे आकार होते हैं, जिनमें विभिन्न रंगों का सम्मिश्रण होता है। इसका मुंह और गला बैंगनी रंग का होता है। इसके पंख बहुत ही कोमल यानी नरम और मखमली होते हैं।

मोर की आंखें छोटी किन्तु नशीली होती हैं, लेकिन इनमें गहरी चमक होती है, जिससे बहुत ही खूबसूरत लगती हैं। इसका शरीर लंबाई में औसतनआ 100 से 120 सेंटीमीटर और पंख लगभग 3 से 4 फीट लंबे होते हैं, जिसकी चाल 16 किलोमीटर प्रति घंटे की होती है। इसका वजन औसतन 6 से 10 किलोग्राम तक हो सकता है। इसकी औसत आयु 20 वर्ष होती है। इसके शरीर पर 150 से अधिक पंख होते हैं, जो बहुत ही कीमती होते हैं। इनका आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा है। मोर के पैरों में ताकत होती है, जो उन्हें तेज गति से दौड़ने में काफी सक्षम बनाती है। इसका मुख्य रंग हरा होता है, लेकिन इसके पंखों पर नीला, सुनहरा और ताम्र रंग का अद्वितीय सम्मिश्रण होता है। पंखों के इस रंग-बिरंगे सम्मिश्रण को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे इंद्रधनुष का कोई छोटा-सा टुकड़ा हो। इसके पंखों पर चंद्रमा के आकार के चिन्ह होते हैं, जो इसकी सुंदरता में चार चाँद लगा देते हैं।

चूँकि मोर के पंख नरम और मखमली होते हैं, इसलिए इनका स्पर्श बहुत ही सुखद और सौभाग्य बर्द्धक होता है। मोर जंगलों में भी उच्च स्थानों पर बैठना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पीपल, नीम और बरगद आदि के पेड़। ये नदियों और जल निकायों के पास रहना बहुत पसंद करते हैं और अक्सर पेड़ों में ही अपने घोंसले बनाते हैं। भारतीय गांवों में मोर को बहुत प्यार और स्नेह मिलता है। लोग इन्हें पालतू पक्षी की तरह पालते हैं जिससे वे गाँव की सड़कों पर आराम से घूमते देखे जा सकते हैं।

राजस्थान आदि राज्यों के शहरी क्षेत्रों में भी उन्हें सड़कों को पार करते हुए यदा कड़ा देखा जा सकता है। मोर बहुत ही सावधान पक्षी होते हैं7 ये उड़ान बहुत कम करते हैं। ये एक पेड़ से दूसरे पेड़ या नदी के एक तट से दूसरे तट तक ही उड़ान भरते हैं। रात को आराम के लिए ये बड़े और मोटे पेड़ों पर आश्रय लेते हैं। मोर का आहार विविध भांति का शाकाहारी व मांसाहारी दोनों प्रकार का होता है। अधिकतर वे बीज, पत्तियां, कीड़े-मकोड़े, सांप, छिपकलियों आदि को खाते हैं।

मोर खेत और बगीचों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन ये अपने सुंदर नृत्य से लोगों का मन मोह लेते हैं7 ये हर किसी का दिल जीत लेते हैं। अक्सर देखा जाता है कि जब मोर खुश होते हैं, तब वे अपने पंखों को फैलाकर नृत्य करते हैं, जो देखने में बेहद सुंदर और मनभावन प्रतीत होता है। मोर के आहार में फल-फूल और सब्जियाँ आदि भी शामिल होते हैं। वे अक्सर अपने आहार को विविध रखने के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। मोर का आहार उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है, खासकर जब वह नृत्य करते हैं या अपनी मादा को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

मोर का प्रजनन काल मानसून के मौसम में होता है। इस दौरान नर मोर अपने पंख फैलाकर और नृत्य करके मादा मोर को आकर्षित करते हैं। नर मोर के नृत्य में एक विशेष प्रकार की ध्वनि होती है, जिसे की-की-की कहते हैं। यह ध्वनि मादा मोर को आकर्षित करने के लिए होती है। वहीं मादा मोर अंडे देती है7 यह एक बार में 3 से 5 अंडे देती है। अंडे देने के बाद मादा मोर उन्हें 28 दिनों तक सेती है। इस अवधि के बाद अंडों से छोटे-छोटे चूजे निकलते हैं, जिन्हें मादा मोर उनकी सुरक्षा और देखभाल करती है। मोर भारतीय संस्कृति और धर्म में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे देवताओं खासकर भगवान शिव-पार्वती के पुत्र भगवान कार्तिकेय के वाहन के रूप में भी देखा जाता है। इसलिए मोर की षोडशोपचार पूजा भी की जाती है। मोर का चित्रण भारतीय कला और साहित्य में भी बहुतायत में उपलब्ध होता आया है, जिससे जनमानस में इसके प्रति एक सकारात्मक भाव है।

# सुरक्षा में रणनीतिक गेम चेंजर बनी ब्रह्मोस

महायुद्ध के दौरान वायु सेना के महारथी कहा करते थे कि हवाई ताकत स्वाभाविक रूप से आक्रामक होती है और इसको अपना काम करने की पूरी छूट होनी चाहिए, जीत के लिए हवाई युद्ध में श्रेष्ठता होना आवश्यक है; बमवर्षक दुश्मन की रक्षा में सेंध लगा देते हैं और इसके बाद रणनीतिक बमबारी के जरिए उसकी इच्छाशक्ति को तोड़ा जा सकता है। हालिया सैन्य कार्रवाई में, भारतीय वायु सेना द्वारा हवा से प्रक्षेपित ब्रह्मोस का समायोजन सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से करने की सार्थकता फिर पुष्टि करती है कि यह सिद्धांत अभी भी उतना ही सही है, जिसकी वजह से पाकिस्तान युद्ध विराम का अनुरोध करने को मजबूर हुआ।


1983 में, भारत सरकार ने एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम का गठन किया। शुरुआत में यह बैलिस्टिक मिसाइलों पर केंद्रित था। लेकिन 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान इराकी वायु रक्षा प्रणालियों पर अमेरिकी युद्धपोतों और हवाई जहाजों से प्रक्षेपित टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों के विनाशकारी प्रभाव ने भारत को इसका दायरा बढ़ाने को प्रेरित किया। साल 1998 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने रूसी समकक्ष के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस संयुक्त उद्यम की स्थापना की गई। साल 2001 में ब्रह्मोस का पहला टैस्ट लॉन्च किया गया।

ब्रह्मोस एक दो-चरणीय क्रूज मिसाइल है, जिसके प्रथम चरण प्रकोष्ठ में एक ठोस प्रोपैलेंट बूस्टर भरा रहता है, जो मिसाइल को सुपरसोनिक (आवाज की गति) बना देता है। अपना काम पूरा करने के बाद, इस प्रकोष्ठ के अलग होने के उपरांत, आगे की उड़ान एक तरल-ईंधन चालित रैमजेट इंजन से होती है। जो इसे मैक-3 (ध्वनि की गति से तीन गुणा) जितनी क्रूज़िंग रफ्तार प्रदान करता है। यह मिसाइल 15 किमी की ऊंचाई लेकर महज 10 मीटर के बीच उड़ान भर सकती है और इसकी कार्य सीमा 300-800 किमी तक हो सकती है। यह 200-300 किलोग्राम तक का पारंपरिक वारहेड (विस्फोटक) ले जा सकती है और 'फायर-एंड-फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। दागे जाने के बाद, यह इनर्शियल नेविगेशन, उपग्रहीय मार्गदर्शन और इलाके की भूगोलीय रूपरेखा के मिलान का उपयोग करके अपने लक्ष्य तक स्वायत्त रूप से पहुंचती है, और एक मीटर से भी कम की सटीकता से वार करने में समर्थ है।

हवा-से-सतह पर मार करने वाला इसका संस्करण 2017 में बना और इसे 2020 में स्क्वाड्रन 222, टाइगर शार्क्स में शामिल किया गया था। ब्रह्मोस को इसकी परम गति, सटीकता और गतिज प्रभाव सबसे घातक पारंपरिक क्रूज मिसाइलों में से एक बनाती है। ब्रह्मोस की गति से बनने वाले सीधे प्रबलित प्रहार का आघात गहरे बंकरों, युद्धपोतों या कमांड सेंटर तक को नष्ट कर सकता है। इसकी गतिज यानी काईनैटिक ऊर्जा अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल से 32 गुना अधिक है। जैसे-जैसे थल आधारित वायु रक्षा प्रणालियां अधिक सटीक एवं घातक होती जा रही, हवाई माध्यम (लड़ाकू विमान) को अपने काम को अंजाम देने में जो स्वतंत्रता पहले कभी हासिल थी, वह कम होती जा रही है। यूक्रेन-रूस युद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। शुरुआती चरणों में अपने-अपने विमान बेड़े का भारी नुकसान उठाने के बाद, दोनों पक्षों ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों में उड़ान भरने से परहेज करने और लंबी दूरी के हवाई हथियारों पर भरोसा करना शुरू किया। यही तरीका हालिया भारत-पाक टकराव में देखने को मिला। न तो भारतीय और न ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एक-दूसरे देश की वायु सीमा में दाखिल हुए। पाकिस्तानी हमलों में ज्यादा निर्भरता तुर्किये निर्मित ड्रोनों पर रही, जिनमें अधिकांश मार गिराये गये।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3541



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

23 | 16 | 1 2 3 4 6
6
8
9

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो -3540 का हल



## हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से), "सुनाओ दोस्त क्या हाल है?"

हरीश, "बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ."

राज, "मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है."

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उलकी साली शोखी से बोली, "जीजा जी, दीदी कैसी लगी?"

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, "मीडियम फास्ट."

□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), "मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?" शारदा, "वह कैसे."

विजय लक्ष्मी, "मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया."

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3541



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3540



## सूडोकु -3541




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु -3540 का हल



## शब्द पहेली - 3541



**बाएँ से दाएँ**

1. नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3. उद्देश्य,ध्येय-4
8. सयाना,चतुर-4,3
10. मनुष्य-3
11. मोल,दाम-3
13. बैठने का स्थान-3
15. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17. पराजित-2
18. वध,कत्ल-2
19. काव्यकार,शायर-2
21. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25. आक्रमण,प्रहार-3
26. पालतू जानवर-3
27. ईश्वर,भगवान-7
30. ईश्वरीय कृपा-4
31. भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2. असुर,दैत्य-3
4. गागर,घड़ा-3
5. मन की करना-4
6. प्रार्थना,ईश वंदना-4
7. चरित्र,ईमान-3
8. कार्यविधि-3
9. रेखा,लाईन-3
12. माला का मोती-3
13. राहत,विश्राम-3
14. कैनाल,उपनदी-3
16. नगद राशि-3
20. रुदन -3
22. पक्षियों का शोर-4
23. मध्यांग, कटि-3
24. 12 राशियों का समूह-4
25. महल,बड़ा भवन-3
28. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29. अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली - 3540का हल



# नोएडा में रात की बारिश के बाद से हालात खराब

## सूरजपुर में सड़कों पर पानी भरा, गाड़ियों को आने-जाने में हो रही परेशानी

**गौतम बुद्ध नगर।** दिल्ली एनसीआर में देर रात हुई बारिश ने ग्रेटर नोएडा की स्थिति बिगाड़ दी है। सूरजपुर कस्बे के मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आधी रात को मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। सबसे ज्यादा प्रभावित सूरजपुर क्षेत्र रहा।

दादरी से नोएडा जाने वाले मार्ग पर सूरजपुर कस्बे में लोगों को अपने वाहन निकालने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गोल चक्कर के आसपास भी कई जगह पानी भर गया।



स्थानीय दुकानदारों के अनुसार यह समस्या नई नहीं है। मामूली बारिश में भी सूरजपुर की मुख्य सड़कों पर पानी भर जाता है। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहन चलाना मुश्किल होता है। यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुकानदारों का आरोप है कि प्राधिकरण सूरजपुर की तरफ ध्यान नहीं देता।

### छिजारसी के आसपास सड़क चौड़ी होगी, अन्य सुधार भी होंगे

**नोएडा।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे छिजारसी के आसपास सड़क चौड़ी की जाएगी। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अन्य सुधार कार्य भी होंगे। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। इच्छुक एजेंसियां पांच जून तक आवेदन कर सकती हैं। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि एक्सप्रेसवे से सटे छिजारसी तिराहे पर अक्सर जाम की समस्या होती है। इसको देखते हुए समाधान से संबंधित काम किए जाने हैं। छिजारसी और बहलोलपुर गोचलक्कर के सामने तक पुस्ता रोड को चौड़ा किया जाएगा। यहां रोड को चौड़ा करने के अलावा एक सिंगल यूटर्न भी बनाया जाएगा।छिजारसी तिराहे से सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर तक के मार्ग के फुटपाथ और तिराहे पर यातायात से संबंधित कुछ सुधारात्मक काम किए जाएंगे। इससे एक्सप्रेसवे के बराबर सर्विस रोड से बिना रुके वाहन आसानी से निकल सकेंगे।

# नोएडा में मोबाइल स्नैचर से पुलिस मुठभेड़

- एक बदमाश को लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार; स्प्लेंडर बाइक और मोबाइल बरामद



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। केंद्रीय बिहार गोल चक्कर से सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन की तरफ चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार बदमाश दिखाई दिए। पुलिस के रुकने का इशारा करने पर वे भागने लगे।

पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नौशाद उर्फ टोला को गोली लग गई। नौशाद मोरना, थाना सेक्टर-24 नोएडा का रहने वाला है। उसके पास से .32 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। दूसरे बदमाश तरुण को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। वह भी मोरना, थाना सेक्टर-24 नोएडा का रहने वाला है। उसके पास से स्नैचिंग किया हुआ मोबाइल फोन और स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई है।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला के अनुसार, दोनों शातिर स्नैचर हैं। ये बाइक पर सवार होकर स्नैचिंग करते थे। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# पति ने ही कराई थी पत्नी की हत्या, नोएडा से दो आरोपी गिरफ्तार

### मर्डर के लिए ऑनलाइन चाकू मंगवाया था

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा एसटीएफ ने मुंबई में सुपारी लेकर महिला की हत्या करने वाले दो कजन भाइयों को सूरजपुर से गिरफ्तार किया है। मॉडलिंग के शौकीन इन युवकों ने 18 मई को महिला की हत्या की थी। मृतका के पति ने ही 5 लाख रुपए में सुपारी देकर हत्या कराई थी।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा के अनुसार, नवी मुंबई पुलिस ने यूपी एसटीएफ से सहयोग मांगा था। सूचना मिलने पर एसटीएफ ने नवी मुंबई पुलिस के साथ सूरजपुर के घंटा गोल चक्कर से दोनों आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि 24 वर्षीय सुखप्रीत 12वीं पास है। मॉडलिंग के लिए वह 2022 में अपने मामा के लड़के गुरप्रीत के साथ मुंबई गया था। वहां एक सैलून चलाने वाली गाजियाबाद की महिला से उसकी मुलाकात हुई। इसी महिला के कहने पर सुखप्रीत ने गुरप्रीत के साथ हत्या की योजना बनाई। आरोपियों ने ऑनलाइन चाकू मंगवाया और रेकी की। 18 मई की रात मास्क पहनकर रोड पर जा रही महिला की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

# नोएडा में अवैध इमारत में संचालित शो रूम होंगे ध्वस्त

### कंपनी प्रबंधकों को रिमाइंडर जारी, शो रूम बंद कराए, प्राधिकरण बोला- नुकसान की जिम्मेदारी आपकी

**नोएडा।** प्राधिकरण अवैध निर्माण व उसमें संचालित होने वाली वाणिज्यिक गतिविधियों के खिलाफ खुलकर उतर आया है।

मारुती, जुडिया, एशियन पेंट, किया जैसी कंपनियां को रिमाइंडर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि जिन जगहों पर आप के शोरूम संचालित हो रहे है।

उनका तत्काल प्रभाव से संचालन बंद कर दिया जाए, क्योंकि यह इमारतें अवैध है। इनको जल्द ध्वस्त किया जाएगा। इस नोटिस के बाद भी यदि शो रुम बंद नहीं किया जाता इसकी जिम्मेदारी आपकी होगी।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से वर्क सर्किल तीन, छह, पांच, आठ में 150 इमारतों को अवैध चिह्नित कर नोटिस दिया गया है। इन सभी इमारतों पर लाल स्याही से ये इमारत अवैध लिखा है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सबसे पहले उन इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा जिनमें वाणिज्यिक प्रतिष्ठान संचालित किए जा रहे है।

ऐसे करीब दो दर्जन से ज्यादा इमारत है। जिसमें नामी कंपनियों के शो रूम है। इसके बाद रिहाइशी इमारतों को ध्वस्त करने का सिलसिला शुरू होगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### प्राधिकरण ने सौंपी सूची

प्राधिकरण ने अवैध निर्माणकर्ता की एक सूची भी जिला प्रशासन को सौंप दी है। जिसमें नोएडा के उन अवैध निर्माणकर्ता के नाम शामिल है जिनको बार बार नोटिस जारी किया गया। ध्वस्तीकरण भी किया गया। लेकिन उन्होंने हर बार अवैध निर्माण किया। ऐसे लोगों पर भूमाफिया के तहत जिला प्रशासन एक्शन लेने जा रहा है।

बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 23.23 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 2171 करोड़ रुपए आंकी गई है।

इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है।

इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 100 से ज्यादा शिकायत दी गई। जिसमें पुलिस स्तर से जांच की जा रही है।

# नोएडा में डियर पार्क के लिए दो सलाहकार नियुक्त

### पार्क डिजाइन, 132 हिरण के लिए बनाएंगे अनुकूल वातावरण , 40 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा।** सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क सनसेट सफारी के लिए दो सलाहकार को नियुक्त किया गया है। इसमें एक रिटायर्ड आईएफएस प्रवीन चंद त्यागी और दूसरे संजय श्रीवास्तव है।

दोनों अधिकारियों का वाइल्ड लाइफ में गहरा अनुभव रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि दोनों अधिकारियों की गाइडेंस में ही डियर पार्क का सेटअप किया जाएगा।

एक आर्किटेक्ट को भी नियुक्त किया जाएगा। ये सलाहकार के कहने पर ही केज डिजाइन, बाड़ा और अन्य प्रकार की टेक्निकल काम का डिजाइन बनाएगा।

एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि एक बार डिजाइन बनने के बाद सिविल कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलाई तक टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने की उम्मीद है। निर्माण पूरा होने के बाद ही हिरण को यहां लाया जाएगा।

एसीईओ ने बताया कि यहां नाइट



सफारी भी रहेगी। ऐसे में सलाहकार के डायरेक्शन के बाद ही तय होगा कि डियर के लिए ये कितना अनुकूल है। साथ ही यहां और कौन कौन से जंतु लाए जा सकते है।

यहां एयरपोर्ट से रेस्क्यू किए जाने वाले हिरण को भी रखा जाएगा। हालांकि उनके लिए धनौरी वेटलैंड के पास से रेस्क्यू सेंटर भी बनाया जा रहा है। वहां से कुछ हिरण को यहां भी लाया जाएगा।

इसके अलावा प्रदेश के अन्य चिड़ियाघरों से भी हिरण को यहां लाया जाएगा।

#### सनसेट सफारी में स्पेक्ट्रम लाइट होंगी प्रयोग

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

यह जिले की पहली सनसेट सफरी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रोशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा।

#### अफ्रीका और प्रदेश के चिड़ियाघर से आएंगे हिरण

नोएडा में 10 प्रजातियों के 132 हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजातीय अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसके अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है। इसलिए यहां डियर पार्क बनाया जा रहा है।

इसके लिए नियुक्त किए गए सलाहकारों से बातचीत की जा रही है। ताकि विदेश से लाए जाने वाले हिरण के लिए यहां का पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

# यमुना से कछुए पकड़कर तस्करी करने वाले 2 गिरफ्तार

### ग्रेटर नोएडा पुलिस ने 33 प्रतिबंधित कछुए बरामद, 2000 रुपये में बेचते थे एक कछुआ

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 पुलिस ने प्रतिबंधित कछुओं की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 33 प्रतिबंधित कछुए बरामद हुए हैं।

एनिमल वेलफेयर संस्था की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू और सोनू के रूप में हुई है। दोनों झुग्गी नट मढैय्या, ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं और मूल रूप से गढ़ मुक्तेश्वर के निवासी हैं।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी ऑर्डर मिलने पर कछुओं को पकड़कर महंगे दामों में बेचते थे। गिरफ्तारी के दिन आरोपी रिंकू को 100 कछुओं का ऑर्डर मिला था।



नटमड़ाईया में डिलीवरी के दौरान दोनों को पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, पहले भी रिंकू का साथी भीम 100 कछुओं के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। उस मामले में गीता कॉलोनी थाने में वन्य जीव संरक्षण एक्ट के तहत केस दर्ज है। इन दोनों आरोपियों के खिलाफ भी वन्य जीव संरक्षण एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एनिमल वेलफेयर संस्था ने फोन कर कछुओं का ऑर्डर देकर आरोपियों को पकड़वाया। आरोपी यमुना से कछुए पकड़कर 2000 रुपये प्रति कछुए की दर से बेचते थे। बरामद किए गए कछुओं को वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया है।

### किसान एकता संघ की पंचायत में फैसला

# 29 मई को सूरजपुर में महापंचायत, सैकड़ों ट्रैक्टरों से करेंगे मार्च

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में किसान एकता संघ की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता जोरा सिंह भाटी ने की। प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि 29 मई को किसान यमुना एक्सप्रेसवे के सिलारपुर अंडरपास पर एकत्रित होंगे।

वहां से सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय सूरजपुर की ओर मार्च करेंगे। महापंचायत में किसानों की आबादी की समस्याओं का समाधान मांगा जाएगा। नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने और 10 प्रतिशत विकसित भूखंड की मांग रखी जाएगी।

सोरन प्रधान ने कहा कि किसानों, मजदूरों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। कार्यक्रम में ओमेंद्र खारी, सतीश कनारसी, मनीष नागर, कृष्ण बैंसला, विक्रम नागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी में प्रदर्शन

### प्लास्टर गिरने से जान का खतरा, पानी की किल्लत समेत कई समस्याओं पर धरना

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी स्थित अजनारा होम्स में रविवार को निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के नेतृत्व में सोसाइटी के मुख्य द्वार नंबर 3 पर शांतिपूर्ण धरना दिया गया।

बिल्डर और मेंटेनेंस एजेंसी एपीवी रियल्टी/लोटस मेंटेनेंस सर्विसेज की लापरवाही के खिलाफ एओए ने स्टेट मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। इसमें कई गंभीर समस्याओं का जिक्र किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि सोसाइटी में भारी प्लास्टर और मलबा



गिरने की घटनाएं हो रही हैं। विंडो कवर गिरने से राहगीरों को चोट लगने का खतरा है।

लोगों ने समस्या बताते हुए कहा कि सोसाइटी में बाइक और पेट्रोल की चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ओपन एरिया की अवैध बिक्री की जा रही है। मार्केट कॉम्प्लेक्स में अतिक्रमण किया गया है।

पानी की आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। मेंटेनेंस और बिजली बिल में गड़बड़ियां की शिकायतें हैं। जनरेटर बैकअप अपर्याप्त है। बेसमेंट की स्थिति खराब है। कचरा प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। फायर फाइटिंग सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था अधूरी है। बच्चों के खेलने की जगह और पार्क की उचित देखभाल नहीं हो रही है।

एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने कहा कि कई बार समस्याएं बताई गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अब भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। एओए ने स्पष्ट किया कि यह धरना शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें न मानी गईं तो व्यापक आंदोलन की तैयारी है।

# ग्रिल गिरने से नानी-नाती की मौत के मामले में बिल्डर पर केस

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ओमीक्रॉन-3 स्थित मिग्शन अल्टिमो सोसाइटी में आंधी से लोहे की ग्रिल गिरने से नानी-नाती की मौत के मामले में पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला के दामाद ने बिल्डर और उसके कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर, बिल्डर के मीडिया प्रभारी ने इस संबंध में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। दरअसल, बुधवार की रात आई तेज आंधी और बारिश की वजह से सोसाइटी की 22वीं मंजिल से लोहे की ग्रिल बुजुर्ग महिला सुनीता और उसके नाती आद्विक के ऊपर गिर गई थी। इस घटना में महिला सुनीता का सिर धड़ से अलग हो गया था।

महिला के दो वर्षीय नाती आद्विक की भी मौत हो गई थी। इस मामले में महिला के दामाद जितेंद्र ने मिग्शन बिल्डर और कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित का आरोप है कि बिल्डर और उसके मैनेजमेंट के लोगों की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में नहर में डूबा युवक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की तलाश जारी है। दस्तमपुर गांव का रहने वाला बृजेश तीन दिन पहले अपने तीन दोस्तों के साथ जहांगीरपुर के पास नहर में नहाने गया था। नहाते समय सभी गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों ने तीन दोस्तों को बचा लिया, लेकिन बृजेश डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने काफी खोजबीन की, लेकिन बृजेश का कोई पता नहीं चला। शनिवार से एनडीआरएफ की टीम भी तलाश में जुटी है। रविवार सुबह तक भी युवक का कोई सुराग नहीं मिला है। जेवर पुलिस ने बताया कि तलाश अभी भी जारी है। बृजेश की एक छोटी बेटी है और उसके परिजन दुख से टूटे हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लिफ्ट अटकी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की फ्यूजन होम सोसाइटी में एक बच्ची लिफ्ट में फंस गई। घटना शनिवार शाम की है। चौथी मंजिल पर लिफ्ट अचानक रुक गई। बच्ची करीब 10 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही। सोसाइटी के ब टावर के 12वें फ्लोर के निवासी संजू कुमार ने बताया कि वह अपने फ्लैट से बाहर निकल रहे थे। उन्होंने चौथी मंजिल पर लिफ्ट अटकी देखी। लिफ्ट से चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। वह और उनकी पत्नी तुरंत चौथी मंजिल पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक बच्ची लिफ्ट में फंसी हुई थी। बच्ची बहुत घबराई हुई थी। संजू कुमार ने मेंटेनेंस टीम को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची को बाहर निकालते ही वह संजू कुमार की पत्नी के गले लग गई। मेंटेनेंस टीम ने बच्ची को शांत कराया। लिफ्ट के अचानक रुकने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट अटकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी को टक्कर मारी

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक पर टैक्सी चालक ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी और भाग गया। सेक्टर बीटा-2 थाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने इस मामले की शिकायत की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हेड कांस्टेबल अभिनव और कांस्टेबल रजत शनिवार को परी चौक पर ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान यहां एक सुलभ शौचालय के पास टैक्सी चालक सवारी उतार रहा था। ट्रैफिक पुलिसकर्मी रजत ने चालक को वाहन हटाने के लिए कहा तो वह अभद्रता करने लगा। हेड कांस्टेबल अभिनव और ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर देवेंद्र मौके पर पहुंचे और टैक्सी का चालान करने लगे। इसी बीच चालक टैक्सी लेकर भाग निकला।आरोप है कि आरोपी चालक ने हेड कांस्टेबल अभिनव को टक्कर मार दी। आरोपी ने जबरन कार चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद वह टैक्सी लेकर मौके से भाग गया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला की मौत मामले में छह पर केस

**दादरी।** कस्बे के ठाकुरान मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसने आठ महीने पहले प्रेमविवाह किया था। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र की रहने वाली काजल ने ठाकुरान मोहल्ले निवासी राहुल के साथ करीब आठ माह आर्य समाज मंदिर में आपसी सहमति से प्रेम विवाह किया था। परिजनों का आरोप है कि राहुल के परिवार के लोग काजल को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। वे दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे ।दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने गुरुवार की रात काजल को जहर देकर और गले में फंदा लगाकर मार डाला। काजल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बुजुर्ग महिला कोरोना संक्रमित मिली

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर-110 निवासी 55 वर्षीय महिला में शनिवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि की। महिला का इलाज होम आइसोलेशन में ही चल रहा है। मरीज के संपर्क में आए दो लोगों में संक्रमण के लक्षण नहीं मिले। महिला 14 मई को उज्जैन के महाकालेश्वर गई थी। कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखने पर महिला सेक्टर-128 स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए गई। वहां महिला की कोरोना जांच की गई। निजी अस्पताल ने कोरोना संक्रमण की पुष्टि की। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को मिलने पर मरीज की क्रॉस जांच कराई गई। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि मरीज के घर में दो और व्यक्ति रहते हैं ।इनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। लिहाजा अभी जांच के लिए इनके नमूने नहीं लिए गए। महिला का इलाज होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया गया है। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में जीनोम सिक्वेंसिंग कराएंगे ताकि कोरोना वायरस के वेरिएंट के बारे में जानकारी हो सके। जरूरत पड़ने पर संदिग्ध और पुष्ट मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया जाएगा।

### पौवारी गोशाला में बायो गैस संयंत्र लगाने की तैयारी तेज

**ग्रेटर नोएडा।** प्राधिकरण ने पौवारी गांव में नवनिर्मित गोशाला में बायो गैस संयंत्र लगाने की तैयारी तेज कर दी है। प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी) निकालकर इच्छुक कंपनियों से 4 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। रोजाना 50 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र को लगाने में लगभग 17 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इसे चयनित कंपनी खुद वहन करेगी। जमीन प्राधिकरण द्वारा दी जाएगी। गैस बेचने से होने वाली कमाई में प्राधिकरण की हिस्सेदारी होगी ।अधिकारी के मुताबिक निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू करने की तैयारी है। वहीं, जलपुरा गोशाला में बायो सीएनजी संयंत्र लगाने के लिए चयनित कंपनी एस 3 फ्यूल को जमीन आवंटित कर दी गई है। कंपनी ने संयंत्र लगाने के लिए उक्त स्थान पर मिट्टी का भराव शुरू कर दिया है। गड्ढा होने की वजह से मिट्टी का भराव करने की जरूरत पड़ रही है। इस संयंत्र की क्षमता भी 50 टीपीडी (टन प्रतिदिन) होगी। संयंत्र लगाने में डेढ़ साल का समय लगेगा। गैस बेचने से होने वाली कमाई दोनों गोशालाओं के संचालन पर खर्च की जाएगी। कार्य आदेश पहले ही जारी कर दिया गया है।

### गैरेज में लगी भीषण आग, कई कारें जलकर राख

**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा की सेक्टर 6 स्थित कार के गैरेज में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। आग देखते ही देखते पूरे गैराज मे फैल गई और वहां खड़ी गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया और गाड़ियां भी जलने लगी, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की 5 गाड़ियों आग पर काबू पाया जब तक कई गाडिया जल कर खाक हो गई। इस घटना में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बता दे कि घटना की सूचना मिलते ही थाना फेज-1 फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से बुझा दिया। हालांकि तेज लपटों और धुएं के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चश्मदीदों के अनुसार, गैरेज से अचानक धुआँ निकलता दिखा और कुछ ही मिनटों में आग की ऊँची लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते पूरे गैरेज को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। गैरेज में खड़ी कई कारें आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गईं। एक कार पूरी तरह राख में तब्दील हो गई। प्राथमिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### नाराज किसानों की महापंचायत



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के तिरथली गांव में रविवार को यमुना विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों ने महापंचायत की। इसमें 25 से अधिक गांवों के सैकड़ों किसान शामिल हुए। किसानों ने 2008 में हुए जमीन अधिग्रहण की लंबित मांगों को लेकर विरोध जताया। यमुना विकास प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण के समय किसानों को 7 प्रतिशत विकसित भूखंड देने का वादा किया था। साथ ही बढ़ा हुआ मुआवजा और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी। 16 साल बीत जाने के बाद भी प्राधिकरण ने अपने वादे पूरे नहीं किए। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो वे यमुना क्षेत्र में प्राधिकरण के चल रहे कार्यों को रोक देंगे। महापंचायत में आगे की रणनीति भी बनाई गई। किसानों ने कहा कि अगर प्राधिकरण तत्काल कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# यूपी में 20 जिलों में बारिश, बागपत में बाइकें डूबीं

## बरेली में कॉलोनियों में कमर तक पानी भरा; आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम



**उत्तर प्रदेश।** यूपी में 25 मई से नौतपा शुरू हो गया। रविवार को पहले ही दिन प्रदेश के 20 जिलों में जोरदार बारिश हुई। गाजियाबाद में आंधी-बारिश से एसीपी ऑफिस की छत गिर गई। मलबे में दबने से दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा की मौत हो गई।

मथुरा में देर रात से बारिश का दौर जारी है। प्रेमानंद महाराज ने छाता लेकर पदयात्रा निकाली। बारिश के बावजूद उनके सैकड़ों भक्त दर्शन के लिए खड़े रहे। मथुरा में सड़कों पर कई फीट पानी भर गया।

बरेली के बहेड़ी में इतनी बारिश हुई कि सड़कें तालाब बन गई हैं। कॉलोनियों में कमर तक पानी भर गया है। बागपत के बड़ौत में बारिश से एक अंडरपास में 4-5 फीट तक पानी भर गया। इसमें कई बाइकें डूब गईं। 24 घंटे में सबसे ज्यादा 53 मिमी (2.08 इंच) बारिश मेरठ में हुई।

जहां एक तरफ बारिश हो रही, वहीं दूसरी तरफ लखनऊ-झांसी समेत कई शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। दोपहर में झांसी सबसे गर्म शहर रहा। यहां का पारा 42.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 40.5 डिग्री के साथ मुरादाबाद दूसरे और 39.5 डिग्री के साथ आगरा तीसरे नंबर पर रहा।

मौसम विभाग ने आज 60 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है- 3 दिन तक अभी ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

### दिल्ली की 4 फ्लाइट्स की वाराणसी में लैंडिंग

यूपी के साथ ही दिल्ली में भी मौसम खराब है। इसी कारण दुबई से दिल्ली आ रही फ्लाइट को वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। ऐसे में फ्लाइट को डायवर्ट करके वाराणसी में लैंडिंग कराई गई। दिल्ली जाने वाली तीन डोमेस्टिक फ्लाइट की भी वाराणसी में लैंडिंग कराई गई।

इससे पहले, शनिवार को झांसी सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 40.6 रिकॉर्ड किया गया। नौतपा आज 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक चलेगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, यूपी में इसका असर कम रहेगा। यहां तापमान 42 तक जा सकता है। 2024 में झांसी में पारा 49 तक रिकॉर्ड किया गया था।

# लखनऊ में दौड़ाकर युवक को गोली मारी

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरानगर में विवाद के बाद कार सवारों ने एक युवक को दौड़ाकर गोली मार दी। घायल युवक को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि सर्वोदय नगर निवासी मुरसीलिन का कुकरैल बंधा स्थित बालाजी भोजनालय पर दो बजे अपने रिश्तेदार से विवाद हुआ था। बालाजी भोजनालय के संचालक सिपाही लाल ने बताया कि मुरसिलिन का दोपहर को कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों पक्ष यहां से चले गए थे। दूसरा पक्ष मुरसिलिन का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि- शाम करीब 5 बजे मुरसिलिन अपनी गाड़ी से फिर होटल के पास आया। गाड़ी से उतरकर होटल के पीछे बनी निर्माणाधीन इमारत की ओर भागा। पीछे से 10 से 12 लोग डंडा और बंदूक से लैस होकर उसको दौड़ते हुए आए। सिपाही लाल ने बताया- मुरसिलिन चिल्ला रहा था गोली मार रहे हैं, तभी उन लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जो मुरसिलिन को लगी। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए। मुरसिलिन लहूलुहान हालात में खुद ही बिल्डिंग से बाहर निकाला और स्कूटी से सद्भावना अस्पताल पहुंचा। यहां से पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में लोहिया अस्पताल पहुंचाया।

# अयोध्या में नलकूप पर सो रहे रिटायर्ड अमीन की हत्या

## धारदार हथियार से सिर और शरीर पर वार, 12 बीघा जमीन का है विवाद

**अयोध्या।** अयोध्या में खेत के नलकूप पर सो रहे रिटायर अमीन की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह जब लोग खेत पहुंचे तो वह मरे हुए मिले। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया। मृतक के बेटे ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव वासियों के अनुसार 12 बीघा जमीन को लेकर उनका गांव के ही एक परिवार से विवाद चल रहा था। हालांकि परिवार के लोग अभी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। घटना अयोध्या के तारुन थाना क्षेत्र के बारा गांव की है।

### 2019 में अमीन पद से हुए थे रिटायर, खेत में सोते थे

कर्मराज यादव (70) 2019 में राजस्व विभाग में अमीन के पद से रिटायर हुए थे। बारा गांव में वह अपनी 62 वर्षीय पत्नी सुखमता के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे और चार बेटियां हैं। सभी बेटियों की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे दिनेश यादव सहकारिता विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनके भी दो बच्चे हैं।

छोटा बेटा राहुल वर्तमान में अयोध्या में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। वे पिछले 10 वर्षों से नियमित रूप से शाम का भोजन करने के बाद, खेत में जाकर ट्यूबवेल पर सोते थे। फिर सुबह घर लौटते थे।

### सुबह चारपाई पर पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

परिजनों ने बताया कि हर रोज की तरह शनिवार शाम को भी वह खाना खाकर घर से गए थे। रात वह नलकूप के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। तभी आरोपियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। रविवार को सुबह एक नाबालिग बच्चा शौच के लिए खेत गया।

तब उनको लहूलुहान देखकर उसने गांव के लोगों के बताया। इसके बाद परिजन पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में पड़े मिले।

इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को कब्जे में ले लिया।

# शार्ट न्यूज

## अयोध्या में 9 साल के बच्चे की हत्या

**अयोध्या।** अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र में एक 9 वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है। जो कक्षा चार का छात्र था, तीन दिन से लापता था। शनिवार की देर रात उसका शव घर के पीछे एक गहरे गड्ढे से बरामद हुआ। मृतक के परिवार ने जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसी और उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की मां और मौसी का कहना है कि पड़ोसी ने जेसीबी से घर के पीछे गहरा गड्ढा खुदवाया था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी रात में ही मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में दो लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एसपी ने 4 निरीक्षकों एक उप निरीक्षक को उनके कार्य क्षेत्र से किया इधर से उधर



**ललितपुर।** अपराधियों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने रविवार को 4 निरीक्षकों, एक उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र को बदल दिया। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी सूची के अनुसार निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर से प्रभारी निरीक्षक थाना पूराकला निरीक्षक अनुराग अवस्थी-प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर निरीक्षक मनोज मिश्रा- थाना प्रभारी बानपुर से प्रभारी निरीक्षक तालबेहट निरीक्षक अखिलेश कुमार- वाचक पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक गिरार उ.नि. अरुण कुमार तिवारी- थानाध्यक्ष थाना पूराकला से थानाध्यक्ष बानपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक का यह निर्णय जिले में सुरक्षा स्थिति को बेहतर बनाने और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी नए पदस्थापित अधिकारियों को उनके नए कार्यक्षेत्र में तेजी से काम करने की अपेक्षा की गई है, जिससे कानून-व्यवस्था में सुधार हो सके ।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर ।** मंडावरा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा एक अभि0 लोकेन्द्र लोधी पुत्र धूमन सिंह लोधी नि0ग्राम गढौली कला थाना मडावरा ललितपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0-133/2025 धारा-64/351(2)/351(3) बीएनएस. ड(2) पास्को एक्ट को दिनांक 25.05.2025 समय करीब 12.28 बजे थाना मड़ावरा ललितपुर से हिरासत पुलिस लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाले टीम प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा का. विक्रम सिंह हे.का. जसवन्त सिंह हे.का. चालक नरेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, तालबेहट अभयनारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 226/25 धारा 105/115(2)/352/351(2) बीएनएस में वाछिंत एक अभियुक्त पारीक्षत रैकवार पुत्र स्व0 सुखलाल उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम बम्हौरीसर थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ . नि . बलराम शर्मा हे.का.विक्रम विशाल द्विवेदी हे.का. शीलेन्द्र भदौरिया आदि शामिल रहे।

## हाथरस में विद्युत करंट से बच्चे की मौत

**हाथरस।** हाथरस में विद्युत करंट से जुड़ी दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नाई के नगला में 8 वर्षीय सोनू पुत्र रामकिशन की करंट लगने से मौत हो गई। बच्चा घर में खेल रहा था। इस दौरान उसका हाथ बिजली के स्विच से टकरा गया। करंट लगने से सोनू बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत बागला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने दूसरी राय के लिए एक निजी चिकित्सक से भी संपर्क किया। वहां भी बच्चे की मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए। दूसरी घटना सहपऊ क्षेत्र के गांव बुर्जनौजी में हुई। यहां सुनीता देवी नाम की महिला बिजली के करंट से झुलस गईं। शाम के समय वह घर के बाहर काम कर रही थीं। उनके सामने टूटी हुई घरेलू बिजली की लाइन पड़ी थी। जब वह इसे हटाने की कोशिश कर रही थीं, तार एचटी लाइन से टकरा गया। करंट लगने से वह झुलस गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए आगरा ले गए हैं।

## सुल्तानपुर में पकड़ा गया फर्जी जनसेवा केंद्र

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी जनसेवा केंद्र चलाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बहाउद्दीनपुर के कई महिला और पुरुषों को जनसेवा केंद्र चलाने और लोन देने का झांसा देकर कुल 2,93,130 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने 24 मई को चांदा चौराहे से आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जौनपुर के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के कलिंजरा निवासी कलेक्टर और जौनपुर के सरोखनपुर निवासी धर्मेंद्र शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, एटीएम रीडर, जियो फाई मशीन, दो फिंगर प्रिंट मशीन, आई रिस मशीन, छह एटीएम कार्ड और एक होंडा मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य आरोपी कलेक्टर का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उस पर अमेठी, सुल्तानपुर और जौनपुर में पहले से कई धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

## आगरा में नाला सफाई के लिए चलाया अभियान

**आगरा।** आगरा नगर निगम मानसून से पहले शहर के सभी छोटे बड़े नाले साफ करने में जुटा है। जिससे कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न खड़ी हो। नाला सफाई के दौरान सबसे बड़ी चुनौती सिल्ट उठाने की है। इसके लिए नगर निगम ने 54 ट्रैक्टर, 10 ट्रैक्टर लोडर और 6 जेसीबी लगाई हुई हैं। इतना ही नहीं, सिल्ट उठाने के बाद सड़कों की धुलाई भी कराई जा रही है। ताकि सड़कों पर सिल्ट न जमी न रह जाए। आगरा नगर निगम सीमा में 410 छोटे-बड़े नाले हैं। अभियान के दौरान बुढान सैयद, एसटीपी प्लांट नगला बूढ़ी, कैलाश रोड, मुगल रोड,नवल किशोर रोड, वीरी सिंह इंटर कॉलेज दयालबाग,सदर वन, पृथ्वीनाथ मंदिर रोड, शमसाबाद रोड, एकता पुलिस चौकी, एत्माद्दौला रोड, सतीनगर यमुना पार क्षेत्र में नालों से निकली सिल्ट का उठान करा कर कोठी मीना बाजार,सदर भट्टी,एत्माद्दौला के पास स्थित सिल्ट कलेक्शन सेंटरों को भेजा गया। छत्ता गली नाला बनने से जीमखाना और मोतीगंज क्षेत्र में बरसात में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने नाला निर्माण कार्य बारिश शुरू होने से पूर्व करा लेने के निर्देश दिए हैं। नाला काजीपाड़ा, बिजलीघर स्थित डलियावाला पुलिया को भी साफ करने के निर्देश दिए। इस स्थान पर नाला मंटोला और नाला काजीपाड़ा के मिलने से सर्वाधिक बहाव होता है। अंबेडकर पार्क में नाले के बीच से गुजर रही पानी की पाइप लाइन के कारण नाले की सफाई व प्रवाह में अवरोध आता है।

# जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस ने मंडावरा कस्बा के निवासी जिला बदर अपराधी महेंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा एक जिला बदर अभि0 महेन्द्र पुत्र बब्लू कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी कस्बा व थाना मड़ावरा ललितपुर को मोती महाराज मन्दिर के पीछे बहद ग्राम रनगांव थाना मड़ावरा ललितपुर से नियमानुसार हिरासत पुलिस लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महेन्द्र कुशवाहा पुत्र बब्लू कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी कस्बा व थाना मडावरा जिला ललितपुर को उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम- 1970 की धारा 3/10 के प्रावधानो का उल्लघंन करने पर अभियुक्त महेन्द्र राजा उपरोक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया है। गिरफ्तारी करने वाले टीम उ.नि. प्रवीण गिरि हे. का. प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।

# कार और कंटेनर की टक्कर, 4 लोगो की मौत

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हादसा, गाजियाबाद से लखनऊ आ रहे थे



**उन्नाव।** उन्नाव के बांगरमऊ थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ। किलोमीटर संख्या 230 पर तेज रफ्तार कार और कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई।

मरने वालों में दो युवक और एक महिला है। महिला देवरिया की और एक युवक बिहार का रहने वाला था। एक युवक की शिनाख्त कराई जा रही है। कार में सवार गाजियाबाद के संजय नगर की रहने वाली आरुषी उपाध्याय (26) घायल हो गईं। एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे एक इंस्पेक्टर अपनी कार से घायल आरुषि को पहले सीएचसी बांगरमऊ फिर कन्नौज ले गए।

मरने वालों की पहचान विनय पाठक पुत्र स्व. पशुपतिनाथ पाठक (48) निवासी ग्राम अंबा थाना थाना जादवपुर जिला गोपालगंज बिहार, उमेश सिंह (45) पुत्र अज्ञात, सीमा उपाध्याय पत्नी स्व. अजीत उपाध्याय निवासी थाना बरहज जिला देवरिया के रूप में हुई है। वहीं, उनकी बेटी आरुषि उपाध्याय हादसे में घायल हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार लखनऊ की तरफ जा रही थी। कार की रफ्तार काफी तेज थी। हाईवे पर सामने से आ रहे कंटेनर से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का आधे से ज्यादा हिस्सा कंटेनर के नीचे आ गया।

### अंदर ही फंस गए सभी लोग

कार में बैठे सभी लोग अंदर ही फंस गए। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाएं पीडीए का संदेश : नेपाल सिंह

## जखौरा में सपा जिलाध्यक्ष ने की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश




**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दीं हैं। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता चुनाव में जुट गए हैं।

इसी क्रम में रविवार को ब्लॉक जखौरा सेक्टर में बूथ स्तर पर समीक्षा बैठक हुई। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने बूथ वार समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़े। पीडीए अभियान को गति दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा चलाए जा रहे पीडीए संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रमोद इमलिया ने किया, तो वहीं आभार ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह बसवां ने व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में जिला महासचिव डॉ शिशुपाल, राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित मोर्चा अशोक अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष तिलक सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिला सचिव प्रमोद यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह लोधी, हरिसिंह यादव जिज्यावन, राजकुमार यादव परोदा, चंद्रपाल यादव प्रधान मैलार, सौरभ यादव प्रधान प्रतिनिधि तिलहरी, महेंद्र यादव प्रधान प्रतिनिधि नौहर कला, बृजेंद्र यादव ब्लॉक महासचिव, हन्नु सहरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष, राघवेंद्र यादव सेक्टर प्रभारी राजघाट, चंद्रपाल यादव सेक्टर प्रभारी मड़वारी, धर्मेंद्र लोधी सेक्टर प्रभारी किसलवास, संदीप यादव पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मेलार, गब्बर यादव साकरवार, वृंदावन यादव बूथ अध्यक्ष रानीपुरा, मुलायम यादव बूथ अध्यक्ष करमुहारा, कृष्णा राजपूत ब्लॉक सचिव, महीप अहिरवार सतगता, शंकर लगौन, देवेंद्र करमुहारा, राम करमुहारा, कल्लू पाल मेलार, संजीव यादव बसवा, रामेश्वर यादव बसवा, रहीश भड़रा, रतिराम कुशवाहा लगौन आदि मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

## हाथरस और मथुरा के आरोपियों ने चलाई थी गोलियां, इलाके में मच गई थी अफरा-तफरी


**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े गोलियां चलाने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने आपसी विवाद के बाद एक दूसरे को जान से मारने की नीयत से बीच सड़क पर फायरिंग शुरू कर दी थी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। तीनों अपराधियों को इगलास पुलिस ने रविवार को मथुरा अलीगढ़ रोड से गिरफ्तार किया है। इन तीनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जिसके बाद इन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

### मथुरा-बरेली हाईवे से आए थे आरोपी

इगलास कस्बा में 23 मई की दोपहर लगभग 3: 40 बजे आरोपी मथुरा-बरेली हाईवे से घटना स्थल पर पहुंचे थे। बाइकों से आए आरोपियों के बीच में विवाद था और सभी हाथों में हथियार लहराते हुए मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। अचानक फायरिंग शुरू होने से मौके पर भगदड़ मच गई थी। लोग अपने वाहन छोड़कर भागे थे और एंबुलेंस भी रुक गई थी।

# सहारनपुर के नानौता में पुलिस ने पकड़े पांच वारंटी

## मारपीट और चोरी का है आरोप, कोर्ट से जारी हुए थे वारंट



**सहारनपुर।** सहारनपुर के नानौता थाना पुलिस ने रविवार को पांच वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। इन पर मारपीट, चोरी और शांति भंग के आरोप हैं।

एसएसपी रोहित सिंह सजवान के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने गांव फतेहपुर, ढाकादेई, तिलफरा एनाबाद और जंधेड़ी में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों में अनुज और अरुण (दोनों ऋषि के पुत्र), इनाम (नवाब का पुत्र), महेंद्र (मामचंद का पुत्र) और शोभित कुमार (पल्लाराम का पुत्र) शामिल हैं। अदालत से इन सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुके थे।

कार्रवाई में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अलावा एसआई संजय कुमार, संजीव कुमार, सतीश कुमार, जयवीर सिंह और कांस्टेबल उपेंद्र कुमार, अनुज शर्मा, हरीश चंद समेत कुल 9 पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# फिरोजाबाद : पूर्व प्रधान और बेटे को फावड़े से काट डाला

## फिरोजाबाद में 14 बीघा जमीन को लेकर वारदात, लड़के की 3 महीने पहले हुई थी शादी



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में जमीनी विवाद को लेकर दिनदहाड़े दबंगों ने गांव के पूर्व प्रधान और उनके बेटे की फावड़े से काटकर हत्या कर दी। बेटे की फरवरी में शादी हुई थी। इस दोहरी हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने चार टीमें गठित की हैं।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच पिछले 15 सालों से विवाद चल रहा था। इस दौरान दोनों ओर से कई मुकदमे भी दर्ज किए जा चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अब जानिए पूरा मामला...

थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव टीकरी निवासी साहब सिंह ने करीब 15 साल पहले अपने बेटों से परेशान होकर गांव के ही पूर्व प्रधान अरविंद यादव के नाम 14 बीघा खेत का बैनामा कर दिया था। इसके बाद साहब सिंह अपने बेटों जितेंद्र और नरेंद्र को साथ लेकर गांव छोड़कर चले गए थे, जबकि अपने दो बेटे हुब्बलाल और देवेंद्र को गांव में ही छोड़ दिया था।

### बैनामे के बाद से रखने लगे थे रंजिश

बैनामे के बाद से ही हुब्बलाल और उसके परिजन अरविंद यादव से दुश्मनी मानने लगे थे। उन्होंने अरविंद को उस जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया। कई बार अरविंद पुलिस बल के साथ खेत जोतने पहुंचे, लेकिन दबंगों ने उन्हें खेती करने से रोक दिया।

### पांच दिन पहले कर दिलाया था कब्जा

अरविंद की शिकायत पर एसडीएम अनुराधा सिंह ने 20 मई 2025 को उन्हें खेत पर कब्जा दिलाया था। इसके बाद रविवार शाम करीब चार बजे अरविंद अपने 27 वर्षीय बेटे नितिन के साथ बाइक से प्रेमपुर स्थित खेत पर ट्रैक्टर लेकर जुताई करने पहुंचे थे।

### कहासुनी के बाद दबंगों ने कर दिया हमला

इसी दौरान हुब्बलाल, भोला, विपिन, रवि, मनीष, सनी व अन्य लोग वहां पहुंच गए और कब्जे का विरोध करने लगे। कहासुनी के बाद दबंगों ने पिता-पुत्र पर फावड़े से हमला कर दिया और दोनों की मौके पर ही हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि 20 मई को तहसील टूंडला और पुलिस की मदद से अरविंद यादव को खेत पर कब्जा दिलाया गया था। रविवार को पहली बार वह खेत जोतने पहुंचे थे, तभी यह हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में टीटीपी के 3 आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को प्रतिबंधित आतंकवादी समूह तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के तीन आतंकवादी मारे गए। पंजाब पुलिस के आतंक–रोधी विभाग (सीटीडी) ने कहा, उसे लाहौर से 325 किलोमीटर दूर मियांवाली जिले में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। खुफिया जानकारी के आधार पर सीटीडी की टीम ने आतंकी ठिकाने को घेर लिया और आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन आतंकवादियों ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। सीटीडी ने कहा, मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मौके पर मारे गए, छह अन्य भाग गए।

### अमेरिका-चीन के साथ ईमानदारी से सहयोग करेंगे- सिंगापुर के प्रधानमंत्री

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने कहा है कि उनकी सरकार की अहम प्राथमिकता दुनिया के शीर्ष देशों के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाना और दुनिया के दो ताकतवर देशों अमेरिका और चीन के साथ अपने संबंधों को ईमानदार रखना है। साथ ही दोनों देशों की प्रतिद्वंदिता में न फंसने की भी बात कही है। शुक्रवार को सिंगापुर सरकार की नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान वोंग ने कहा कि जहां हमारे हित होंगे, हम वहीं काम करेंगे। जहां हमारे हित नहीं होंगे, वहां हम मजबूती से खड़े होंगे और सिंगापुर की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करेंगे। वोंग ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता इस बदलती दुनिया में सिंगापुर की मजबूत जगह बनाना है।

### म्यांमार में भूकम्प के झटके महसूस हुए, 4.0 तीव्रता दर्ज

**नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में शुक्रवार–शनिवार की रात 12 : 28 बजे भूकम्प के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 4.0 दर्ज की गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि यह भूकम्प जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे आया था। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले म्यांमार में मार्च में 7.7 और 6.4 तीव्रता के भूकम्प आए थे। इसमें 3500 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसके बाद 19 मई को म्यांमार में फिर भूकम्प आया। तब इसकी तीव्रता 3.9 तीव्रता दर्ज की गई थी। भूकम्प का केंद्र 40 किलोमीटर की गहराई पर था।

### जर्मनी के हैम्बर्ग रेलवे स्टेशन पर चाकू से हमला, लगभग 12 लोग घायल; महिला गिरफ्तार

**हैम्बर्ग, एजेंसी।** जर्मनी के हैम्बर्ग रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम को एक महिला ने कई लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर है। तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हैं और छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी उम्र 39 साल है। हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस का मानना है कि महिला ने अकेले ही घटना तो अंजाम दिया है। रेलवे ऑपरेटर डॉयचे बान ने बताया कि इस हमले के बाद स्टेशन पर चार ट्रैक बंद कर दिए गए। कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को देरी से चलाया गया या उनका रूट डायवर्ट किया गया था।। हैम्बर्ग में रेलवे स्टेशन और किसी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में चाकू या दूसरा कोई हथियार लेकर जाना बैन है।

### सुरक्षा परिषद में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा ट्रंप प्रशासन, न्यू जर्सी के चार शहरों के खिलाफ मुकदमा दायर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में बड़े बदलाव का आदेश दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का आकार कम किया जा सकता है और इसके मौजूदा कई सदस्यों को उनके विभागों में वापस भेजा जा सकता है। बदलाव के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के कई राजनीतिक सदस्यों को हटाया जा सकता है। इससे पहले बीते महीने ही ट्रंप ने माइक वाल्टज को एनएसए पद से हटा दिया था और उनकी जगह विदेश मंत्री मार्को रुबियो को यह जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रपति ट्रंप यूएस स्टील और जापानी कंपनी निपोन के सौदे को मंजूरी दे सकते हैं। शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यूएस स्टील का मुख्यालय पीट्सबर्ग में ही रहेगा और ऐसा सुनियोजित साझेदारी के तहत किया जाएगा। ट्रंप के इस बयान को उनकी सौदे को मंजूरी के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप क्या करने वाले हैं, लेकिन ट्रंप के ताजा बयान के बाद यूएस स्टील के शेयरों में उछाल आया है। इससे साफ है कि निवेशक ट्रंप के बयान को सकारात्मक तरीके से ले रहे हैं। निपोन करीब 15 अरब डॉलर में यूएस स्टील को खरीद सकती है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में इस सौदे पर रोक लगा दी थी। ट्रंप ने कहा है कि काफी सोच विचार और सौदेबाजी के बाद यूएस स्टील अमेरिका में ही रहेगा और इसका मुख्यालय भी पीट्सबर्ग में ही रहेगा। ट्रंप ने कहा कि सुनियोजित साझेदारी से अमेरिका में 70 हजार नौकरियां और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 14 अरब डॉलर आएंगे। ऐसा अनुमान है कि ट्रंप प्रशासन निपोन को यूएस स्टील बेचने के बजाय उसमें निपोन से निवेश के लिए कह सकता है।

## यूक्रेन की राजधानी कीव पर संकट,

# रूस ने बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइल से किया हमला

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार तड़के बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया। इससे पूरे शहर में विस्फोटों और मशीन गन की आवाजें सुनी गईं। जिसके कारण कीव के कई लोगों को भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में शरण लेनी पड़ी।

अब तक की जानकारी के अनुसार रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला-बदली के एक बड़े दौर की शुरुआत के कुछ ही घंटों बाद रात में रूस ने हमला किया। पिछले हफ्ते इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच हुई इस बातचीत के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। यह समझौता तीन साल पुराने युद्ध में युद्ध विराम तक पहुंचने के असफल प्रयासों के बीच सहयोग जैसा था। कीव सैन्य प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा कि शनिवार तड़के यूक्रेनी राजधानी के कम से कम चार शहरी जिलों में रोकी गई मिसाइलों और ड्रोनों का मलबा गिरा। तकाचेंको के अनुसार, हमले के बाद छह लोगों को चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी, कीव के सोलोमियान्स्की जिले में दो जगहों पर आग लग गई।

हमले से पहले, शहर के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कीव निवासियों को चेतावनी दी थी कि 20 से अधिक रूसी हमलावर ड्रोन कीव की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमले के दौरान ड्रोन का मलबा कीव के ओबोलोन जिले में एक शॉपिंग मॉल और एक रिहायशी इमारत पर गिरा। क्लिट्स्को ने बताया कि आपातकालीन सेवाएँ घटनास्थल पर पहुँच गई



हैं। शुक्रवार को हुई कैदियों की अदला-बदली एक जटिल अदला-बदली का पहला चरण था। इस दौरान दोनों पक्षों के 1,000 कैदियों की अदला-बदली की गई। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि पहले चरण में 390 यूक्रेनियन वापस लाए गए। सप्ताहांत में और रिहाई की उम्मीद है जो इसे युद्ध का सबसे बड़ा बदलाव बना देगा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे यूक्रेन से भी इतने ही लोग वापस मिले हैं।

एक यूक्रेनी अधिकारी के अनुसार, यह अदला-बदली उत्तरी यूक्रेन में बेलारूस की सीमा पर हुई। अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रिहा किये गये रूसियों को चिकित्सा उपचार के लिए बेलारूस ले जाया गया है। हालांकि, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक युद्ध बंदियों की दर्जनों अदला-बदलियों के बाद भी दोनों पक्षों के बीच लड़ाई में कोई रुकावट नहीं आई है। हालिया अदला-बदली के दौरान भी लगभग 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर लड़ाई जारी रही। जहां हजारों सैनिक मारे गए और दोनों देशों में से किसी ने भी अपने हमलों में नरमी नहीं दिखाई।

ये रूसी हमला, रूस और यूक्रेन द्वारा कैदियों की एक बड़ी अदला-बदली शुरू करने के कुछ घंटों बाद हुआ। जिसके तहत समझौते के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई थी। यह समझौता 3 साल पुराने युद्ध में संघर्ष विराम तक पहुंचने के असफल प्रयासों में सहयोग का एक पल था। कीव सैन्य प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख, तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा कि शनिवार की सुबह यूक्रेनी राजधानी के कम से कम चार शहरी जिलों में इंटरसेप्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन का मलबा गिरा।

तकाचेंको के मुताबिक, हमले के बाद घायल हुए 6 लोगों को इलाज चल रहा है। वहीं कीव के सोलोमियान्स्की जिले में दो जगहों पर आग लग गई।

हमले से पहले, शहर के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कीव के निवासियों को चेतावनी दी थी कि 20 से अधिक रूसी हमलावर ड्रोन कीव की ओर बढ़ रहे हैं। हमले के दौरान ड्रोन का मलबा कीव के ओबोलोन जिले में एक शॉपिंग मॉल और एक रिहायशी इमारत पर गिरा। क्लिट्स्को ने बताया कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

देखा जाए तो समझौते के मुताबिक शुक्रवार को कैदियों की अदला-बदली का पहला चरण था। इसमें दोनों पक्षों से 1,000 कैदियों की अदला-बदली शामिल थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि पहले चरण में 390 यूक्रेनियनों को स्वदेश लाया गया। सप्ताहांत में और रिहाई की उम्मीद है, जो इसे युद्ध का सबसे बड़ा अदला-बदली बना देगा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे यूक्रेन से भी इतनी ही संख्या में हथियार मिले हैं। नाम न बताने की शर्त पर एक यूक्रेनी अधिकारी ने बताया, यह अदला-बदली उत्तरी यूक्रेन में बेलारूस की सीमा पर हुई। क्योंकि उसे सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रिहा किए गए रूसियों को इलाज के लिए बेलारूस ले जाया गया है। शुक्रवार को जब रिहा किए गए लोग मेडिकल सुविधा में दाखिल हुए, तो अपने रिश्तेदारों की तख्तियां और तस्वीरें लिए लोग नाम या ब्रिगेड नंबर चिल्लाते हुए अपने किसी अपने की खबर लेने लगे। 16 मई की इस्तांबुल बैठक के बाद, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने कैदियों की अदला-बदली को एक ÷विश्वास-निर्माण उपाय÷ बताया था। साथ ही ये कहा था कि दोनों पक्ष सिद्धांत रूप से दोबारा बैठक करने पर सहमत हो गए हैं।

वहीं क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि लड़ाई समाप्त करने के लिए अगले दौर की वार्ता के स्थल पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। हालांकि इसके लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार रात कहा कि कैदियों की अदला-बदली समाप्त होने के बाद मास्को यूक्रेन को एक मसौदा दस्तावेज देगा। इसमें ÷टिकाऊ, दीर्घकालिक, व्यापक÷ शांति समझौते के लिए अपनी शर्तें बताई जाएंगी। यूरोपीय नेताओं ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शांति प्रयासों में देरी करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही रूसी अपनी बड़ी सेना को युद्ध क्षेत्र की ओर आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही यूक्रेनी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस्तांबुल बैठक में यह बात सामने आई कि लड़ाई खत्म करने के लिए दोनों पक्ष अहम शर्तों पर एक दूसरे से बहुत दूर हैं। यूक्रेन के लिए ऐसी ही एक शर्त, जिसे उसके पश्चिमी सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है, शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में पहला कदम के रूप में एक अस्थायी युद्धविराम है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने 20 मई से 23 मई के बीच युद्ध के मैदान से दूर 788 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने गुरुवार देर रात से 175 शाहेड और नकली ड्रोन के अलावा एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है।

## रूस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ दिखाई एकजुटता

**मॉस्को, एजेंसी।** आतंकवाद आज विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती है, और भारत इससे निपटने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में, सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूस की यात्रा की, जहाँ उन्होंने फेडरेशन काउंसिल और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ व्यापक चर्चा की। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना था। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उप-अध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ मुलाकात की। इस दौरान, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में विधायी अभिसरण को बढ़ाने पर जोर दिया गया। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिक्रिया के रूप में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ भी मुलाकात की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की। इन वार्ताओं में भारत और रूस के बीच ऐतिहासिक और समय-परीक्षित संबंधों की पुष्टि की गई, जो आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित हैं। चर्चाओं में वैश्विक सुरक्षा वास्तुकला, उभरते भू-राजनीतिक संरेखण और बहुपक्षीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया।

# बांग्लादेश में दिसंबर तक चुनाव कराए यूनुस सरकार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया डॉ. मुहम्मद यूनुस पर चुनावी रोडमैप घोषित करने और जल्द चुनाव कराने का जोरदार दबाव बढ़ गया है। सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसंबर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है, जिससे यूनुस सरकार का तिलिस्म टूटने लगा है। इसी बीच, छात्र संगठनों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक चुनाव सुधार नहीं हो जाते और शेख हसीना के शासनकाल के कथित अपराधों की जांच व सजा नहीं दी जाती, वे किसी भी आम चुनाव को स्वीकार नहीं करेंगे। दूसरी ओर, विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं।



**छात्र संगठन बोले- न्याय नहीं मिला तो लोकतंत्र मजाक बन जाएगाः** नेशनल सिटिजन पार्टी , जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डॉ. यूनुस इस्तीफा दे देंगे। हमने उनसे अनुरोध किया है कि वे इस्तीफा न दें, लेकिन चुनाव से पहले न्याय जरूरी है।

**बीएनपी बोली- बिना चुनाव कोई भी सरकार अवैध :** पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने डॉ. यूनुस की सरकार से तुरंत चुनाव रोडमैप की मांग की है। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि रोडमैप के बिना वर्तमान सरकार का समर्थन संभव नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, बीते सप्ताह बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच 4 बैठकें हुई हैं, जिनमें आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। सेना के दबाव में डॉ. यूनुस के इस्तीफे की अटकलें तेज हो गई हैं। वहीं चर्चा है कि वे चुनाव कराए बिना राजनीतिक दलों से बातचीत कर फिर से एक राष्ट्रीय सरकार बनाने की कोशिश कर सकते हैं। क्कह्क्कने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बिना किसी भी राष्ट्रीय सरकार को वह वैध नहीं मानेगी।

**खालिदा जिया ने भी दिसंबर में चुनाव कराने की मांग दोहराई :** पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बीएनपी ने भी यूनुस पर दबाव बढ़ाते हुए दिसंबर में चुनाव कराने की मांग दोहराई है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार जल्द चुनावी रोडमैप तैयार कर इसकी सार्वजनिक घोषणा नहीं करती, तो उनका सरकार के साथ सहयोग जारी रखना मुश्किल हो जाएगा।

अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ने अब तक चुनावों को जनवरी-जून 2026 के बीच कराने की बात कही है। सेना इसे दिसंबर 2025 से आगे खींचने को लेकर नाराज है। इसके चलते आगे टकराव तेज हो सकते हैं।यूनुस के अलावा कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी भी चुनाव टालने के पक्ष में हैं।

सूत्रों से संकेत मिल रहे हैं कि सरकार को पांच साल तक बने रहने की उम्मीद थी, जिसे सेना-छात्रों के दबाव ने गंभीर संकट में डाल दिया है। गृह मंत्रालय के सलाहकार भी कह चुके हैं कि जनता चाहती है कि यह सरकार पांच साल तक बनी रहे।सैन्य अधिकारियों ने यहां तक कहा कि अगर सरकार जिद पर अड़ी रही, तो हालात बेकाबू हो सकते हैं।

# हार्वर्ड के विदेशी छात्रों को बड़ी राहत, अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन के आदेश पर लगाई रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स प्रांत में एक जज ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी, जिसमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के दरवाजे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए बंद कर दिए गए थे। अदालत का यह फैसला होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) द्वारा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की एसईवीआईएस सिस्टम (स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम) का उपयोग करने की अनुमति रद्द करने के एक दिन बाद आया। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आइवी लीग स्कूल पर हमले को और तेज करने का हिस्सा था। डीएचएस के फैसले में कहा गया था कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में



पढ़ रहे विदेशी छात्रों को किसी अन्य कॉलेज में स्थानांतरित होना होगा, अन्यथा उनका दर्जा समाप्त हो जाएगा। ऐसा अनुमान है कि हार्वर्ड में 780 भारतीय छात्र और स्कॉलर हैं।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार सुबह अदालत में दायर एक मुकदमे में कहा, ÷सरकार ने एक हस्ताक्षर के साथ हार्वर्ड के लगभग एक-चौथाई छात्रों, यानी विदेशी छात्रों को हटाने की कोशिश की है, जो यूनिवर्सिटी और इसके मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के बिना हार्वर्ड, हार्वर्ड नहीं है।÷ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष एलन एम. गार्बर ने कॉलेज को लिखे एक पत्र में कहा कि हम इस गैरकानूनी और अनुचित कार्रवाई की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम हार्वर्ड के हजारों छात्रों और स्कॉलर के भविष्य को खतरे में डालता है। देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए अमेरिका आए अनगिनत अन्य लोगों के लिए एक चेतावनी है।÷ ट्रंप प्रशासन ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों और यहूदी छात्रों पर हमलों से निपटने में विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण विश्वविद्यालय के सभी वित्तपोषण को निलंबित कर दिया है तथा इसकी कर-मुक्त स्थिति को रद्द करने की मांग की है।ट्रंप ने कोलंबिया विश्वविद्यालय जैसे अन्य प्रमुख कॉलेजों के खिलाफ भी कदम उठाया है। डीएचएस ने हार्वर्ड से उसके 13 स्कूलों के सात हजार विदेशी छात्रों के बारे में जानकारी मांगी थी, जो प्रस्तुत कर दी गई। मुकदमे में कहा गया, ÷22 मई को डीएचएस ने हार्वर्ड के जवाब को अपर्याप्त माना, बिना कारण बताए या किसी ऐसे विनियमन का हवाला दिए जिसका हार्वर्ड अनुपालन करने में विफल रहा।

## चावल पर मजाक से जापान के मंत्री को देना पड़ गया इस्तीफा

# बढ़ती कीमतों के सवाल पर कहा- मैं खरीदता नहीं, मेरे चाहने वाले दे जाते हैं

टोक्यो, एजेंसी। जापान के पूर्व कृषि मंत्री ताकु ईटो को चावल की बढ़ी कीमत पर मजाकिया बयान देना काफी महंगा पड़ गया। यहां तक कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ गया। उन्होंने कहा था कि वो कभी चावल नहीं खरीदते हैं, बल्कि उन्हें मुफ्त में मिलता है। इस बयान के बाद महंगाई से जूझ रही जनता का गुस्सा भड़क गया। ईटो ने बुधवार को प्रधानमंत्री ऑफिस जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। इस इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा पर भी महंगाई कम करने का दबाव और ज्यादा बढ़ गया। उनकी सरकार को चावल की लगातार बढ़ती कीमतों को कंट्रोल न कर पाने की वजह से लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। जापान में जुलाई महीने में संसद के ऊपरी सदन का चुनाव होने वाला है, ऐसे में यह मुद्दा और ज्यादा राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है।



**दो साल में दोगुना महंगा हुआ चावल :** जापान का सबसे मशहूर कोशिहिकारी ब्रांड का चावल लगभग 5,000 येन (3000 रुपए) प्रति 5 किलोग्राम में बिक रहा है। जबकि 2023 में 5 किलोग्राम चावल की कीमत औसतन लगभग 2,000 येन (1100 रुपए) थी। प्रधानमंत्री इशीबा ने वादा किया है कि चावल की औसत कीमत को 3,000 येन (1700 रुपए) प्रति 5 किलोग्राम तक लाया जाएगा। जापान में कोशिहिकारी ब्रांड का चावल काफी पसंद किया जाता है। इसे जापान ग्रेन इंस्पेक्शन एसोसिएशन ने स्पेशल ए ग्रेड दिया है। जापान में कोशिहिकारी ब्रांड का चावल काफी पसंद किया जाता है। इसे जापान ग्रेन इंस्पेक्शन एसोसिएशन ने स्पेशल ए ग्रेड दिया है।

**पर्यावरण मंत्री को बनाया नया कृषि मंत्री :** ताकु ईटो ने पिछले हफ्ते एक फंड रेज प्रोग्राम में कहा था- मैंने खुद कभी चावल नहीं खरीदा, क्योंकि मेरे समर्थक मुझे इतना चावल दान करते हैं कि मैं इसे बेच सकता हूं।

ईटो के इस बयान से लोग भड़क गए, क्योंकि उन्हें एक साल पहले के मुकाबले में चावल की एक बोरी के लिए लगभग दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है। बुधवार को ही ईटो की जगह शिंजिरो कोइज़ुमी को कृषि मंत्री बनाया गया, जो पहले पर्यावरण मंत्री थे। कोइज़ुमी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की लीडरशिप के लिए प्रधानमंत्री इशिबा के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें इसमें नाकामी मिली थी।

# पूर्व पीएम इमरान का आर्मी चीफ पर तंज : कहा- उन्हें खुद को राजा की उपाधि देना चाहिए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए।

जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें इमरान ने लिखा, माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता- क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं।

**कल चार देशों के दौरे पर जाएंगे पीएम शहबाजः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

**पीएम शरीफ से मिले बिलावल भुट्टो :** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से



मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं।

पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

**इमरान के सांसद ने सिंधु जल संकट को वाटर-बम बताया :** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90त्न फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है। उन्होंने कहा- अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है।

**पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता की भारत को धमकी :** पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे।

प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है।

# गुजरात की करारी हार, चेन्नई ने 83 रन से जीता सीजन का आखिरी मैच

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने आखिरी आईपीएल 2025 मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को 83 रनों से रौंद दिया जिसमें उनके ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत जीत मिली। यह गुजरात की आईपीएल में अब तक की सबसे बड़ी हार थी।

पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता को क्वालीफायर 1 (Q1) में सीधे प्रवेश मिलेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत हासिल की है, अगर वे अपना फॉर्म जारी रखते हैं तो वे उनके साथ शामिल हो सकते हैं; अन्यथा, गुजरात टाइटन्स Q1 में आगे बढ़ पाएगा। पंजाब किंग्स और मुंबई के बीच कोई नतीजा नहीं निकलने की स्थिति में गुजरात Q1 में क्वालीफाई करेगा जिसकी संभावना नजर नहीं आती।

सीएसके के गेंदबाजों में अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 17/2 के आंकड़े के साथ बढ़त बनाई। डेब्यूटेंट अंशुल कंबोज ने 2.3 ओवर में सिर्फ 13 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल करके प्रभावित किया। गुजरात की पारी खराब रही क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (13) और जोस बटलर (5) पावरप्ले के अंदर आउट हो गए।

साई सुदर्शन ने 28 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली, लेकिन मध्य क्रम ढह गया, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया और राशिद खान सस्ते में आउट हो गए और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नूर अहमद (4-0-21-3) ने भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। उन्होंने तेवतिया और अरशद खान सहित मध्य क्रम के प्रमुख विकेट लिए। मथेशा पथिराना और खलील अहमद ने एक-एक विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

इससे पहले सीएसके ने अपने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 230 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने आक्रामक शुरुआत की। युवा आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 34 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा। डेवोन कॉनवे ने 35 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर पारी को संभाला। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के बीच स्थिरता प्रदान करते हुए पारी को संभाला।

उर्विल पटेल ने 19 गेंदों पर 37 रन बनाकर अपनी लय जारी रखी। वह रविश्रीनिवासन साई किशोर की गेंद पर शुभमन गिल के हाथों कैच आउट हुए। शिवम दुबे एक रन बनाकर शाहरुख खान के हाथों आउट हो गए, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर चेन्नई सुपर किंग्स को 200 रन के पार पहुंचाया। रवींद्र जडेजा 18 गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे।




गुजरात के गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा ने चार ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट चटकाए। राशिद खान (4-0-42-1), साई किशोर (2-0-23-1), और शाहरुख खान (1-0-13-1) ने भी विकेट चटकाए, लेकिन सीएसके के बल्लेबाजों को रोकने में संघर्ष करते रहे। सीएसके की पारी में तेज पॉवरप्ले में 68 रन बने जिससे मजबूत लक्ष्य की नींव रखी और यह आगे चलकर जीत का मुख्य कारण भी बना।


# जोकोविच ने 100 वां एटीपी खिताब जीतकर फेडरर और कोनर्स की बराबरी की



**जिनेवा (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। जोकोविच ने इसी के साथ ही अपना 100वां एटीपी खिताब जीता है। जोकोविच ने खिताबी मुकाबले में ह्यूबर्ट को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। सर्बियाई खिलाड़ी ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे और तीसरे सेट में जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम किया। 100 एटीपी खिताब जीतने के बाद जोकोविच बेहद उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैंने काफी प्रयास किये थे। इसी के साथ ही अब जोकोविच ने स्विटजरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और अमेरिका के जिमी कोनर्स के 100 खिताब जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। कोनर्स ने सबसे अधिक 109 खिताब जीते हैं जबकि फेडरर के नाम 103 खिताब हैं। इसी जीत के बाद अब जोकोविच का लक्ष्य फ्रैंच ओपन जीतना रहेगा।

## बहुत समय से टेस्ट टीम में वापसी का इंतजार था : करुण नायर

**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के आखिरी मैच में छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। आठ साल बाद टेस्ट टीम में लौटे नायर ने 27 गेंद में 44 रन बनाये। दिल्ली ने जीत के लिये 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय नायर को 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। उन्होंने



भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर ने मैच के बाद कहा, ''शानदार लग रहा है और हम इसके हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी लेकिन कुछ मैच खराब गए।' अपने प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, ''मैं काफी रन बनाकर आईपीएल में आया था। आत्मविश्वास की कमी नहीं थी। पारी में बहुत जल्दी बड़े शॉट खेल रहा था जिस पर कोच ने अपना समय लेकर फिर आक्रामक खेलने की सलाह दी।'

## भारत के बाद आईपीएल में खेलना सबसे अच्छी चीज है : महेंद्र सिंह धोनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना उनके लिए सबसे अच्छी चीज है। धोनी 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत से ही सीएसके का हिस्सा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पूरे सीजन में बड़ी संख्या में प्रशंसकों का आनंद लिया है। अपने करियर के अंतिम चरण में धोनी को प्रशंसकों और कई लोगों द्वारा खेल के जीवित किंवदंती के रूप में सराहा जाता है और उनके समर्थक उन्हें और फ्रैंचाइजी को अपना समर्थन देने के लिए पीली जर्सी में बड़ी संख्या में आते हैं। धोनी ने कहा, 'यह बहुत अच्छा अहसास है और मैंने हमेशा कहा है कि प्रशंसकों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद है। मेरा यही मानना है, जैसे कि पिछले कुछ सालों में मैं खेल रहा हूं, आप जानते हैं, यह एक तरह से वे कह रहे हैं कि आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह आश्चर्यजनक है, खासकर जब आप कोई खेल खेलते हैं, तो आप प्रशंसकों की सराहना चाहते हैं। जब क्रिकेट की बात आती है, तो भारत खेलने के



लिए सबसे अच्छी जगह है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होना सबसे बड़ी चीजों में से एक है। मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए आईपीएल अगली सबसे अच्छी चीज है जो हो सकती है। इसलिए रोंगटे नहीं खड़े होते, लेकिन यह एक तरह की भावना है, आप जानते हैं, जब भी आप अंदर जाते हैं, तो हर कोई बहुत उत्साहित होता है। वे आपका इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें। यहां तक कि जब आप उस टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं जिसे वे जीतना चाहते हैं, तब भी वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें, थोड़ा योगदान दें, चाहे वह कुछ भी हो। तो हां, यह एक अद्भुत एहसास है।' लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अब तक सीजन में तीन जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

## क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने टी20 क्रिकेट लीग शुरु कर रहा कीनिया

नैरोबी । अफ्रीकी देश कीनिया अब अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने के लिए एक टी20 क्रिकेट लीग शुरु करने जा रही है । ये लीग सितंबर में शुरु होगी । लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी । इसमें दुनिया भर के कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया जा सकता है । क्रिकेट कीनिया और और कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, 'यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी और वह तेजी से आये बढ़ेगा । कीनिया की तरफ से 90 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'किसी भी मैच के लिए एक टीम को चार विदेशी खिलाड़ियों को ही अंतिम एकादश में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी । वहीं अन्य सभी खिलाड़ी स्थानीय होंगे । कीनिया की टीम का वर्तमान समय में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है पर एक समय वह अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए जानी जाती थी । वह साल 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी । अब ओबुया की तरह ही कई अन्य क्रिकेटरों को भी भरोसा है कि इस लीग से कीनियाई क्रिकेट आगे बढ़ेगा । भारत में आईपीएल शुरु होने के बाद से ही दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान सहित कई देशों में क्रिकेट लीग शुरु हुई है ।



## राहुल को टी20 में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रखे भारतीय टीम : पीटरसन

नई दिल्ली । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर केविन पीटरसन ने केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है । पीटरसन के अनुसार राहुल को 2026 टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखे। इसके साथ ही उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाना चाहिये। भारतीय टीम में अभी विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। चयनकर्ताओं के पास राहुल के अलावा ऋषभ पंत, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और ईशान किशन जैसे अच्छे विकल्प हैं । राहुल 2022 विश्व कप के बाद से ही भारतीय टी20 टीम में शामिल नहीं हैं पर पीटरसन का मानना है कि उन्होंने इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी कर अपनी वापसी के लिए मजबूत दावेदारी की है। ऐसे में वह विकेटकीपर–बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे बेहतर हैं। पीटरसन ने कहा, ''मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहूंगा । मुझे लगता है कि आपके पास बहुत सारे सलामी बल्लेबाज हैं ।'' इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''राहुल जिस तरह से अब क्रिकेट खेल रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने और भारत के लिए विकेटकीपिंग करने के लिए मेरी पहली पसंद बन गये हैं।'' उन्होंने हाल में एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था। राहुल ने पिछले साल के मध्य से लेकर आखिर तक बहुत सकारात्मक तरीके से खेला है । इसमें वह मैच विजेता बल्लेबाज के तौर पर भी उभरे हैं । इसके अलावा मैंने बल्लेबाजी के बारे में उसके साथ बहुत सारी शानदार बातचीत की है ।



## शीर्ष दो में अपनी जगह बनाने मुम्बई और पंजाब के बीच मुकाबला आज

**जयपुर (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच अंतिम लीग मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनो का लक्ष्य जीत के साथ ही शीर्ष दो में जगह बनाने का प्रयास करना रहेगा। प्लेऑफ में शीर्ष शीर्ष दो में जगह बनाने वाली टीम को फाइनल के लिए एक अतिरिक्त अवसर मिलता है। अभी अंक तालिका में पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर है पर अगर वह मुंबई से हारी तो उसके 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबला खेलना पड़ेगा। पंजाब को शीर्ष दो में तभी जगह मिलेगी जब वह मुम्बई से जीत जाये और अन्य अन्य दोनो टीमें गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने -अपने अंतिम लीग मुकाबले हार जाये।

पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसके शीर्ष दो में बने रहने की संभावनाएं कम हुईं। अब उसे मुंबई इंडियंस पर किसी भी हाल में जीत हासिल करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे अच्छा है।ऐसे में अगर वह पंजाब किंग्स से जीत जाती है तो उसे शीर्ष दो में जगह मिल सकती है पर इसके लिए उसे गुजरात टाइटंस और आरसीबी की हार की उम्मीद करनी होगी।




पंजाब किंग्स को मुम्बई के खिलाफ मैचे में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करनी होगी। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में 200 से अधिक रन का बचाव नहीं कर पायी थी। इस मैच में पंजाब के बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी से सतर्क रहना होगा। बुमराह ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार गेंदबाजी कर 16 विकेट लिए हैं। इसके अलावा ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर जैसे गेंदबाज भी पंजाब के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयासा करेंगे। बल्लेबाजी में मुम्बई के पास रोहत शर्मा और सूर्यकुमार यादव , तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाज हैं।

वहीं पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान श्रेयस अय्यर, प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य पर निर्भर करेगी। पंजाब के पासा अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज है जो मुम्बई के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं देंगे। दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है, ऐसे में दोनो ही जीत की प्रबल दावेदार हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु शर्मा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पी. अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, वी. विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

## आर्सेनल ने बार्सिलोना को 1–0 से हराकर महिला चैंपियंस लीग जीती




लिस्बन । स्टिना ब्लैकस्टेनियस के गोल की बदौलत आर्सेनल की महिलाओं ने लिस्बन में बार्सिलोना को 1–0 से हराकर 2024/25 यूईएफए महिला चैंपियंस लीग जीत ली है । 2007 की सफलता के कारण यूरोपीय चैंपियन बनने वाली एकमात्र अंग्रेजी टीम होने के बाद, आर्सेनल की महिलाओं ने अब अपने शानदार इतिहास में एक और महाद्वीपीय खिताब जोड़ लिया है, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 15 लीग खिताब, 14 एफए कप और सात लीग कप जीते हैं । पुर्तगाल में जीत टीम के लिए एक उल्लेखनीय अभियान का समापन करती है, जिसने सितंबर में पहले क्वालीफाइंग दौर में टूर्नामेंट में प्रवेश किया था । ग्रुप चरणों में पहुंचने के लिए हैकेन और रेंजर्स को हराने के बाद, आर्सेनल ने नॉकआउट चरणों में पहुंचने के लिए बायर्न म्यूनिख, जुवेंटस और वेलारेन्गा से आगे रहकर काम किया, भले ही अक्टूबर में जोनास ईडेवाल की जगह रेनी स्लेगर्स ने मैनेजर के रूप में काम किया हो । इसके बाद उन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए नाटकीय रास्ता अपनाया, पहले चरण में 2–0 की हार को पलटते हुए क्वार्टर फाइनल में एमिरेट्स स्टेडियम में रियल मैड्रिड को 3–0 से हराया और फिर ल्योन को उनके ही मैदान पर 4–1 से हराकर कुल मिलाकर 5–3 से आगे बढ़कर लिस्बन शोपीस में अपनी जगह पक्की की । आर्सेनल की महिलाओं ने तीन बार की विजेता और पिछले धारकों को हराया, जिसमें ब्लैकस्टेनियस ने 74वें मिनट में विजयी गोल करके ट्रॉफी हासिल की, जिससे प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में आठ मैच जीतने वाली पहली अंग्रेजी टीम बन गई । स्लेगर्स, जो एक पूर्व अकादमी उत्पाद है और उसने अपने पहले पांच ग्रुप गेम जीतकर सुनिश्चित किया कि वे नॉकआउट में पहुंच जाएं, महिला चैंपियंस लीग जीतने वाली पहली डच मैनेजर बन गई हैं, और लुइस वैन गाल और फ्रैंक रिजकार्ड के बाद पुरुष या महिला प्रतियोगिता जीतने वाली तीसरी ओवरऑल मैनेजर बन गई हैं ।

## पटना में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर

पटना । यहां के उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए अब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर बनने जा रहा है । ये खेल परिसर राजधानी पटना के गर्दनीबाग में बन रहा है । 28.66 करोड़ की इस परियोजना को के लिए राज्य सरकार की सहमति मिल गयी हे । यह खेल परिससर करीब 10 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गमीटर होगा । इसमें 40,000 दर्शक बैठकर मैच का आनंद ले सकेंगे । खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए बनाये जा रहे इस परिसर में 10 क्रिकेट पिच बनायी जाएंगी । इसके इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए इसमें हॉकी मैचों के लिए दो ऐस्ट्रो टर्फ भी लगाए जाएंगे । खेल आयोजनों और व्यवस्थाओं के संचालन के लिए एक प्रशासनिक ब्लॉक भी तैयार किया जाएगा । इसमें जिम, कैफेटेरिया सहित सभी आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी । इससे राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलेगा ।

# कुश मैनी ने रचा इतिहास, फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोंटे कार्लो -कुश मैनी ने सर्किट डी मोनाको में पोल पोजीशन हासिल करते हुए डैम्स लुकास ऑयल के लिए मोंटे कार्लो स्प्रिंट रेस में जीतकर इतिहास रच दिया। भारतीय ड्राइवर ने अल्पाइन अकादमी के प्रतिभाशाली साथी गैब्रिएल मिनी को पीछे छोड़ा, जो प्रेमा रेसिंग के लिए दूसरे स्थान पर रहे और इस प्रतिष्ठित स्थल पर रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने।

पी1 और मोनाको में जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर मैनी ने, 'यह बहुत बड़ा सम्मान और सपना सच होने जैसा है। मैं डैम्स और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। हम विश्वास करते रहेंगे!'

मैनी ने सही शुरुआत की, लेकिन ल्यूक ब्राउनिंग टर्न 1 तक पहले स्थान से पांचवें स्थान पर गिर पड़े। उनके खराब गेटवेट के कारण गैब्रिएल मिनी उपर पी2 स्थान पर आ गए। मिराब्यू में, लिंडब्लैड ने तीसरे स्थान के लिए जैक क्रॉफोर्ड को पास देने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क ने ब्राउनिंग को चौथे स्थान पर वापस जाने और अमेरिकी से आगे निकलने की अनुमति दी। कैम्पोस ड्राइवर तीसरे स्थान पर उलझन से बाहर आया, लेकिन टक्कर के कारण उसे 10 सेकंड की समय पनेल्टी दी गई।

डीआरएस के कारण, मिनी रेस लीडर के पीछे थी, शुरुआती 10 लैप में अंतर 0.3 सेकंड का था, जबकि यह जोड़ी तीसरे स्थान पर मौजूद लिंडब्लैड से 8 सेकंड आगे थी। लैप 12 पर अंतर को बेअसर कर दिया गया जब जोशुआ डुएरकेन की AIX रेसिंग कार को ठीक करने के लिए सेफ्टी कार को तैनात किया गया। पराग्वे के ड्राइवर को मिराब्यू से बाहर MP मोटरस्पोर्ट के ओलिवर गोएथे के संपर्क के बाद पोर्टियर से आगे की बाधाओं में छोड़ दिया गया था, जिससे AIX को रेस-एंडिंग क्षति हुई थी।

लैप 15 में प्रवेश करते हुए रेसिंग की स्थिति में वापस मैनी मिनी के पीछे भागे, जबकि लिंडब्लैड ने सड़क पर तीसरे स्थान की लड़ाई में ब्राउनिंग को अपनी नजर पर रखा था। गोएथे फिर से आगे बढ़ रहे थे, अपनी MP कार को ला रास्कैस में विक्टर मार्टिंस के अंदर से चुपके से सड़क पर पी9 लेने के लिए ले गए। दोनों के बीच संपर्क के कारण गोएथे को 10 सेकंड की समय पनेल्टी मिली।

10 लैप शेष रहते मिनी रेस लीडर से 0.2 सेकंड के अंतर से वापसी करते नजर आए, जबकि लिंडब्लैड अपने समय दंड को कम करने के लिए लेट-रेस चार्ज सेट करने के लिए 10 सेकंड से अधिक पीछे हो गए थे। रेड बुल जूनियर टीम के ड्राइवर को लैप 22 पर आगे बढ़ने के लिए कहा गया और उसने तुरंत अपनी गति बढ़ा दी ताकि खुद और ब्राउनिंग के बीच एक बफर बना सके।




अंतिम लैप तक वह मिनी के पीछे दूसरे स्थान पर थे और मेनी कुछ सेकंड आगे थे। लिंडब्लैड के समय दंड के लागू होने के साथ इसने ब्राउनिंग को पी3 दिया गया और कैंपोस ड्राइवर को आठवें स्थान पर गिरा दिया। क्रॉफोर्ड रिचर्ड वर्शूर, सेबेस्टियन मोंटोया, लियोनार्डो फोर्नारोली से आगे चौथे स्थान पर रहा क्योंकि लिंडब्लैड ने पी8 में अंक पूरे किए।

## बांग्लादेश–पाक सीरीज में सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी सेना

ढ़ाका । बांग्लादेश की टीम क्रिकेट सीरीज पहुंचने पाकिस्तान तो पहुंच गयी है पर उसे वहां आतंकवाद का खतरा सता रहा है । वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी टीम की सुरक्षा को लेकर परेशान है । जिसके बाद से ही उसने क्रिकेट सीरीज के दौरान सेना की सुरक्षा मांगी है । ऐसे में माना जा रहा है कि अब पाक और बांग्लादेश के बीच सीरीज के दौरान सेना तैनात रहेगी । शुरुआत में, बांग्लादेश को पाकिस्तान में पांच टी20 मैच खेलने थे पर सुरक्षा कारणों से अब को देखते हुए अब तीन टी20 मैच ही होंगे । पीसीबी के अनुसार सभी मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रखे गये हैं । पीसीबी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ सलाह के बाद ही कार्यक्रम में बदलाव किया है । बांग्लादेश की टीम को 28, 30 मई और 1 जून को तीन टी20 मैच खेलने हैं । ये मैच रात 8:00 बजे से खेले जाएंगे । इस दौरान सिविल फोर्स के साथ साथ सेना भी तैनात रहेगी । सेना की जिम्मेदारी पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ ही भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ–साथ खेल स्थल सुरक्षा करना रहेगा जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके । सुरक्षाबलों को बिना किसी बाधा के सीरीज के आयोजन का जिम्मा सौंपा गया है ।




## एयरटेल की बढ़ती दूरसंचार धोखाधड़ी के खिलाफ संयुक्त पहल

**एयरटेल ने जियो, वीआईएल से संपर्क किया**

**नई दिल्ली।**

भारती एयरटेल ने सरकार और ट्राई को सूचित किया है कि वह दूरसंचार धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ एक संयुक्त पहल के लिए रिलायंस जियो और वीआईएल से संपर्क किया है। एयरटेल ने सभी दूरसंचार कंपनियों से सहयोग करने की अपील की है और 2024 के पहले नौ माह में भारत में 17 लाख से अधिक साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज होने का बताया है। एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ लड़ाई में अपनी स्थिति मजबूत की है और 14 मई, 2025 को एक संयुक्त दूरसंचार धोखाधड़ी पहल शुरू करने की घोषणा की है। एयरटेल ने उद्योग को एकजुट करने की जरूरत को दर्शाते हुए सार्वजनिक यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

## एनटीपीसी को 7897 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली।**

नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) ने अपने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं, जिसमें कंपनी ने उम्दा प्रदर्शन दिखाया है। इस तिमाही में एनटीपीसी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 22 फीसदी बढ़ गया है और कमाई भी 3.2 फीसदी बढ़कर 49,834 करोड़ रुपये हो गई है। एनटीपीसी ने प्रति शेयर 3.35 रुपये का डिविडेंड घोषित किया है। पिछले तिमाही से तुलना करें, इस बार मुनाफा में 53 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है और कमाई में भी 11 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बिजली उत्पादन से कंपनी ने कमाई में तेजी दिखाई है, जिससे एनटीपीसी ने 49,353 करोड़ रुपये की कमाई की है। पूरे साल में भी कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,`` वित्त वर्ष 25 में एनटीपीसी की कमाई में 5 फीसदी की वृद्धि हो गई है। इसके साथ ही एनटीपीस के खर्च में भी वृद्धि हुई है, खर्चा ईंधन, बिजली खरीदने, कर्मचारियों के वेतन और ब्याज जैसे मदों में भी इजाफा हुआ है।

## केंद्र सरकार ने पेंशन योजना में किया बदलाव

**केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा नया विकल्प**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2025 कोअपने कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) नाम से एक नई पेंशन योजना शुरू की थी। इस योजना में कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन का वादा किया गया है। यूपीएस ने एनपीएस से अलग होने का विकल्प दिया है। एनपीएस में पेंशन की राशि निश्चित नहीं होती थी, जबकि यूपीएस ने कर्मचारियों को ज्यादा निश्चितता प्रदान की है। यूपीएस में सरकारी कर्मचारियों को उनकी अंतिम 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50 फीसदी मासिक पेंशन के रूप में मिलेगा। इसके लिए कर्मचारियों को कम से कम 25 साल की नौकरी पूरी करनी होगी। यूपीएस योजना में शामिल होने के लिए कर्मचारियों को 30 जून तक अप्लाई करना होगा। फॉर्म ए2 और फॉर्म ए1 भरकर योग्य कर्मचारियों को यूपीएस के लिए अप्लाई करना होगा। आखिरी तारीख निकल जाने पर अतिरिक्त समय दिया जा सकता है। वापस एनपीएस में जाने का विकल्प उपलब्ध नहीं है। यूपीएस योजना के लिए योग्य कर्मचारी- वर्तमान कर्मचारी एनपीएस के तहत आने वाले, 10 साल सेवा पूरी करने वाले रिटायर हुए कर्मचारी, अंतिम निर्णय देने वाले विधवा जीवन साथी और 56(जे) नियमों के तहत राज्य से रिटायर हुए कर्मचारी। यूपीएस निश्चित और सुरक्षित पेंशन की योजना है और इसे चुनने का मौका केंद्र सरकारी कर्मचारियों को 30 जून तक है।

## अब ड्रोन से घर पहुंचेगा आपका सामान, अमेजन ने बढ़ाया दायरा

**नई दिल्ली।**

कभी साइंस फिक्शन का हिस्सा मानी जाने वाली ड्रोन डिलीवरी अब हकीकत बन चुकी है। अमेजन ने 2022 में अमेरिका में ड्रोन के जरिए सामान डिलीवर करना शुरू किया था और अब यह सेवा तेजी से विस्तार कर रही है। अमेजन का दावा है कि ग्राहक ऑर्डर बटन पर टैप करने के बाद लगभग 60 मिनट या उससे भी कम समय में अपना पैकेज पा सकते हैं। फिलहाल यह सुविधा अमेरिका के चुनिंदा शहरों फीनिक्स (एरिजोना) और कॉलेज स्टेशन (टेक्सास) में उपलब्ध है। ड्रोन डिलीवरी के लिए ऑर्डर का वजन अधिकतम पांच पाउंड यानी करीब 2.2 किलोग्राम होना चाहिए। ग्राहक चेकआउट के समय ड्रोन डिलीवरी का विकल्प चुन सकते हैं और अपना पसंदीदा डिलीवरी स्पॉट भी तय कर सकते हैं, जैसे ड्राइववे या यार्ड। अमेजन के एमके30 ड्रोन हवा में करीब 13 फीट की ऊंचाई से पैकेज गिराते हैं। यह ड्रोन उस स्थान को स्कैन करता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वहां कोई बाधा जैसे पालतू जानवर, वाहन या व्यक्ति मौजूद न हो। एफएए से मिली मंजूरी के बाद अब अमेजन आईफोन, सैमसंग ग्लैक्सी डिवाइस, एयरपॉड्स और रिंग डोरबैल जैसे प्रीमियम आइटम्स की भी ड्रोन डिलीवरी करने लगा है।




अगर डिलीवरी संभव नहीं होती, तो ग्राहक को इसका कारण बताया जाएगा। मौसम का भी खास ख्याल रखा जाता है। हल्की बारिश में भी डिलीवरी संभव है, लेकिन खराब मौसम में यह विकल्प ऐप में दिखेगा ही नहीं। ड्रोन टेक्नोलॉजी अब पैकेज डिलीवरी को न सिर्फ तेज बना रही है, बल्कि इसे ज्यादा स्मार्ट और सेफ भी बना रही है। भारत में यह सुविधा अभी नहीं है, लेकिन भविष्य में इसकी उम्मीद की जा सकती है।

## भारत की डिफेंस कंपनी को इजराइल से मिला 17.52 मिलियन डॉलर का ऑर्डर

**भारत की तकनीकी क्षमता और बढ़ेगी, देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली।** भारत की देशी कंपनियों ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को धूल चटाई है। इस ऑपरेशन के बाद भारतीय हथियारों की मान्यता ने दुनिया में चर्चे बना दिए हैं। इस उत्कृष्ट अदम्य तकनीक का उद्यम एक और उच्चाधिकारी के साथ साबित हुआ है, जब इजराइल की एक कंपनी ने भारतीय कंपनी नाइब लिमिटेड के साथ एक 17.52 मिलियन डॉलर (करीब 150 करोड़ रुपये) का ऑर्डर किया है। यहां इस ऑर्डर के माध्यम से भारत की तकनीकी क्षमता और बढ़ेगी और देश को विश्वभर में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। इजराइल की यह कंपनी टेक्नोलॉजी के मामले में बहुत आगे है। इस ऑर्डर में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर बनाने और सप्लाई करने हैं। ये लॉन्चर 300 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। यह बहुत ही आधुनिक तकनीक है। भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है कि यह तकनीक विदेश के लिए बनाई जा रही है। कंपनी का कहना है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से आत्मनिर्भर भारत के सपने को और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।

## भारत में जल्द लॉन्च होगा एक्स-एडीवी 750 स्कूटर, होंडा ने जारी किया टीजर

**नई दिल्ली।**

होंडा बाइक एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्स-एडीवी 750 एडवेंचर स्कूटर का आधिकारिक टीजर जारी कर भारत में स्कूटर सेगमेंट में हलचल मचा दी है। कंपनी ने यह टीजर रेबेल 500 क्रूजर की लॉन्चिंग के एक दिन बाद रिलीज किया। सोशल मीडिया पर इस टीजर को गेम चेंजर टैगलाइन के साथ साझा किया गया है, जिससे इसके जल्द लॉन्च होने के संकेत मिलते हैं। ग्लोबल मार्केट में एक्स-एडीवी 750 को एक प्रीमियम मैक्सी-स्कूटर के तौर पर जाना जाता है, जो एडवेंचर टूरिंग क्षमताओं को शहरी सुविधाओं के साथ जोड़ता है। यह स्कूटर 745 सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन से लैस है, जो 58 बीएचपी की पावर और 69 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड डुअल क्लच ट्रांसमिशन दिया गया है, जो इसे भारत में मौजूद स्कूटरों से अलग बनाता है। मजबूत अंडरपिनिंग के तहत इसमें फ्रंट में 17 इंच और रियर में 15 इंच के वायर-स्पोक व्हील्स, डुअल फ्रंट डिस्क ब्रेक और लॉन्ग ट्रैवल सस्पेंशन मिलता है, जो हल्के ऑफ-रोड और टूरिंग के लिए उपयुक्त है। इसमें फुल एलईडी लाइटिंग, एडजस्टेबल विंडस्क्रीन, बड़ा डिजिटल डिस्प्ले और मल्टीपल राइडिंग मोड्स मिलते हैं। इंटरनेशनल वर्जन में इसे अर्बन, एडवेंचर और कम्फर्ट जैसे एक्सेसरी पैक्स के साथ भी पेश किया जाता है। भारत में होंडा की अब तक की छवि मुख्य रूप से कम्यूटर स्कूटर्स जैसे एक्टिवा और डियो तक सीमित है, लेकिन रेबेल 500 और एक्स-एडीवी जैसे मॉडल के जरिये कंपनी अब प्रीमियम सेगमेंट में गंभीरता से कदम रख रही है। जल्द ही एक्स-एडीवी 750 को भारत में लॉन्च किया जा सकता है।

# वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मानसून की प्रगति पर जानकारी भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी**

मुंबई (ईएमएस)। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों का यह कहना है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा` कि वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी बढ़ी। इससे भारत सहित अन्य उभरते बाजारों पर दबाव पड़ा। इस सप्ताह 28 मई को भारत के अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़े और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े आने हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की सुधार की स्थिति के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून की प्रगति पर जानकारी भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा। सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो, अरविंदो फार्मा और आईआरसीटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे। बाजार`` विशेषज्ञ कहते हैं` कि आगे बाजार का रुख मजबूत रहने की उम्मीद है। वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों तिमाही नतीजे बाजार को समर्थन प्रदान करेंगे। निवेशकों की नजरें इस सप्ताह जारी होने वाले इन आंकड़ों पर रहेगी। इस सप्ताह भारत और अमेरिका के जीडीपी वृद्धि के आंकड़े भी आएंगे। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार के भागीदार सबसे पहले रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरण और राजकोषीय नीति के लिए इसके निहितार्थ पर प्रतिक्रिया देंगे। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, विदेशी निवेश प्रवाह और व्यापार वार्ताओं को




लेकर जारी अनिश्चितता को देखते हुए भारतीय बाजार में निकट भविष्य में एकीकरण का दौर देखने को मिल सकता है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बढ़ते कर्ज के कारण अमेरिकी राजकोषीय स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बीच पिछले पूरे सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। एक शोध प्रमुख ने कहा` कि निवेशकों का ध्यान अब अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक संकेतकों पर है। हालांकि, बढ़ते अमेरिकी कर्ज को लेकर चिंताओं के बीच बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के कारण एफआईआई की हालिया निकासी से बाजार की धारणा पर असर पड़ सकता है।

## तेल तिलहन बाजार में सरसों, मूंगफली, बिनौला की कीमतों में तेजी रही

**कच्चे पामतेल और पामोलीन तेल की कीमतों में आई गिरावट**

- **सरसों दाने का थोक भाव 6,625-6,710 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**
- **सरसों दादरी तेल का थोक भाव 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली।**

देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह में तेलों की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ है। सरसों तेल-तिलहन, मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम में तेजी दर्ज की गई, जबकि कच्चे पामतेल और पामोलीन तेल की कीमतों में गिरावट आई है। बाजार के सूत्रों के मुताबिक इस बार किसानों की कमजोर आवक और मांग बढ़ने के कारण महसूस किया जा रहा है कि इस मौसम में सरसों की आवक में कमी होने की वजह से देश के सरसों तेल के बाजार में मांग प्रभावित हो रही है। इसके अलावा अपनी मांग की वजह से कच्ची घानी की सरसों तेल महसूस हो रही है। अन्य तेलों में भी मांग बढ़ने के कारण कमी आई है, जैसे ब्रांडेड कच्ची घानी तेल और सोयाबीन तेल। इस स्थिति में, बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार आया है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 110 रुपये के सुधार के साथ 6,625-6,710 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि, सरसों दादरी तेल का थोक भाव 300 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमश- 2,485-2,585 रुपये और 2,485-2,620 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमश- 4,450-4,500 रुपये और 4,200-4,250 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। इसी प्रकार, सोयाबीन इंदौर तेल का भाव भी 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बना रहा। सोयाबीन दिल्ली एवं और सोयाबीन डीगम तेल के दाम क्रमश- 50-50 रुपये का सुधार दर्शाते क्रमश- 13,300 रुपये और 9,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन के भाव भी मजबूत बंद हुए। मूंगफली तिलहन का दाम 25 रुपये की मजबूती के साथ 5,800-6,175 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमश- 50 और 10 रुपये की मजबूती के साथ क्रमश- 14,200 रुपये क्विंटल और 2,270-2,570 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। सूत्रों ने कहा कि बाजार के आम रुख के उलट, सीपीओ 225 रुपये की गिरावट के साथ 11,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,025 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में शुल्क रियायत की पेशकश बहुत छोटी-अधिकारी

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत भारत ने वाहन क्षेत्र के लिए शुल्क रियायत की पेशकश की है, जिसे अधिकारियों ने बहुत छोटी बताया है। इस पेशकश में वाहन क्षेत्र के लिए आयात शुल्क में 10 से 15 साल की अवधि में कमी और कोटा इंजन की क्षमता और वाहन की कीमत पर निर्भरता है। भारत और ब्रिटेन ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत के समापन की घोषणा की है। यह व्यापार करार 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात सुगम बनाएगा। इससे कुल व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा के 60 अरब डॉलर से दोगुना करने का है। दोनों पक्षों के कोटा के तहत वाहन आयात पर शुल्क की दर 100 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगी। इससे टाटा-जेएलआर जैसी कंपनियों को लाभ होगा। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) ने पहले कहा था कि यह समझौता भारत में जेएलआर के प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि इससे भविष्य की कारों को लाभ होगा और ग्राहकों को वैश्विक कारों और वैश्विक कीमतों तक बहुत तेजी से पहुंचने में मदद मिलेगी। दूसरी ओर, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू ने एफटीए को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है।

# वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ अकाउंट में 8.25 फीसदी ब्याज दर मंजूर

**7 करोड़ कर्मचारियों को ट्रांसफर होगी ब्याज की रकम, 1 लाख पर 8,250 रुपए मिलेंगे**

**नई दिल्ली।**

भारतीय सरकार ने वित्त मंत्रालय के द्वारा एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (ईपीएफओ) को 2024-25 के लिए वृद्धि दर 8.25 फीसदी पर पीएफ अकाउंट में जमा राशि पर ब्याज मिलने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से अब देश के 7 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट में ब्याज की राशि स्वीकृत होगी। ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को आयोजित मीटिंग में 8.25 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखने का निर्णय लिया था, जो पिछले वित्त वर्ष की दर के समान है। इस निर्णय के बाद वित्त मंत्रालय ने इसे मंजूरी के लिए नामंजूरी दे दी है। एक व्यक्ति के पीएफ अकाउंट में 1 लाख रुपये होने पर सालाना उसको 8,250 रुपये का ब्याज मिलेगा। इसी तरह पीएफ अकाउंट में 1 अप्रैल 2024 तक कुल 5 लाख रुपये जमा होने पर 41,250 रुपये के रूप में ब्याज की राशि मिलेगी। ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12 फीसदी पीएफ अकाउंट में जमा होता है, जिसमें कंपनी और कर्मचारी दोनों की योगदान शामिल होता है। कंपनी का 12 फीसदी कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67 फीसदी पीएफ अकाउंट में जमा होता




है और बाकी पैसा पेंशन स्कीम में जाता है। कर्मचारी का पूरा 12 फीसदी कॉन्ट्रीब्यूशन पीएफ अकाउंट में जमा होता है।

## चीन जल्द लॉन्च करेगा नया एडवांस्ड ड्रोन मदरशिप जियु टियान

**भारत ने भी भार्गवास्त्र काउंटर-ड्रोन प्रणाली का परीक्षण कर दिया जवाब**

**बीजिंग।**

चीन जल्द ही अपना नया एडवांस्ड ड्रोन मदरशिप जियु टियान लॉन्च करने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह ड्रोन जून के आखिर तक पहली मिशन फ्लाइट पर रवाना होगा। इस मिशन के साथ ही चीन की लंबी दूरी की मानवरहित हवाई क्षमताओं में यह बड़ा इजाफा माना जा रहा है। इससे पहले भारत ने अपनी सुरक्षा तैयारियों का कड़ा संदेश देते हुए भार्गवास्त्र नामक नई काउंटर-ड्रोन प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मानवरहित हवाई वाहन अपनी पहली मिशन फ्लाइट जून के आखिर तक भरेगा। 'जियु टियान' का अर्थ है ÷ऊंचा आकाश÷ और इसे शांक्सी अनमैन्ड इक्विपमेंट टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित किया गया है। यह यूएवी नवंबर 2024 में झुहाई एयर शो में पहली बार देखा गया था। इसकी रेंज 7000 किमी है। इसकी उड़ान ऊंचाई 15000 मीटर है। अधिकतम टेक-ऑफ वजन 16000 किलोग्राम है। पेलोड क्षमता 6000 किलोग्राम है। यह एक साथ 100 ड्रोन लॉन्च करने की क्षमता रखता है। यह क्रूज़ और पीएल-12ई एयर-टू-एयर मिसाइल से लैस इस यूएवी की सबसे खास बात यह है कि इसे मिशन के मुताबिक बदला भी जा सकता है। चाहे वो सीमा सुरक्षा, समुद्री निगरानी, इमरजेंसी रेस्क्यू या सैन्य ऑपरेशन हो।चीन की इस तैयारी के बीच भारत ने भी कम लागत वाली काउंटर-ड्रोन तकनीक 'भार्गवास्त्र' का परीक्षण कर चीन को जवाब दे दिया है। यह परीक्षण ओडिशा के गोपालपुर में पिछले हफ्ते किया गया था। भार्गवास्त्र भारत की स्वदेशी विकसित की गई एक बहुस्तरीय काउंटर-ड्रोन प्रणाली है, जिसे खासतौर पर छोटे, झुंड में आने वाले और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन को मार गिराने के लिए तैयार किया गया है। यह काउंटर ड्रोन रक्षा प्रणाली 6 से 10 किलोमीटर तक की दूरी पर ड्रोन को ट्रैक कर सकती है और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग या हार्ड किल तकनीक से निष्क्रिय कर सकती है।

## टाटा मोटर्स का ईवी बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य

**बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल**




**मुंबई।**

टाटा मोटर्स के पैसेंजर व्हीकल और पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक ने दावा किया कि वे उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और नवीनीकरण के माध्यम से बाजार में एक प्रमुख भूमिका खेलने की कोशिश कर रहे हैं। कंपनी ने उच्च मानकों का पालन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आकर्षक ऑप्शन पेश किए हैं और अपने उत्पादों को 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतारने का लक्ष्य रखा है। कंपनी अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को सीएनजी वाहन के बराबर करने के लिए काम कर रही है ताकि मात्रा हासिल की जा सके। हमारी आकांक्षा मध्यम से दीर्घावधि अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने की है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि लघु अवधि में कंपनी को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आना काफी हद तक तय है, क्योंकि कई कंपनियां कई उत्पाद लेकर आ चुकी हैं। बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल हैं। यात्री इलेक्ट्रिक वाहन बाजार अब चार खंड में बंटा हुआ है।

यह है-8-12 लाख रुपये; 12 से 20 लाख रुपये; 20 लाख रुपये से अधिक और फ्लीट खंड। उन्होंने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 40-41 प्रतिशत है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 55 प्रतिशत थी, जिसका मुख्य कारण फ्लीट खंड में बिक्री में गिरावट और 12 से 20 लाख रुपये के खंड में तेज प्रतिस्पर्धा है।

## गूगल सर्च के लिए यूजर्स को मिलेगा नया एआई मोड

**ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल को देगा टक्कर**

**नई दिल्ली।**

गूगल सर्च के लिए यूजर्स को अब नया एआई मोड ऑफर किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नया फीचर यूजर्स को जेमिनी एआई से पावर्ड चैटबॉट जैसा रिस्पॉन्स देगा। गूगल ने इस फीचर को डिवेलपर कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया। इस फीचर के आने से यूजर्स को सर्च पेज पर चैट-बेस्ड इंटरफेस में टॉगल करने का ऑप्शन मिल गया है। यह गूगल के इन्फर्मेशन ऑफर करने के तरीके में बदलाव है। इससे पता चलेगा कि कंपनी ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल को एआई की दुनिया में कड़ी टक्कर देने के मूड में है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि यह ज्यादा अडवांस्ड रीजनिंग के साथ सर्च का पूरी तरह से रीइमैजिनेशन है। उन्होंने कहा कि हम अब एआई प्लेटफॉर्म शिफ्ट के एक नए फेज में एंटर कर रहे हैं जहां दशकों की रिसर्च अब वास्तविकता बन रही है। गूगल का यह ऐक्शन चैटजीपीटी जैसे जनरेटिव एआई टूल के लिए एक रिएक्टिव रिस्पॉन्स है, जो सवालों का नैचरल लैंग्वेज में उत्तर देते हैं और अलग-अलग वेब पेजों पर क्लिक करने की जरूरत को कम करते हैं। इस बदलाव ने पहले ही बहुत नुकसान पहुंचाया है। ऐपल के एक एग्जिक्यूटिव ने हाल में कहा था कि सफारी ब्राउजर में गूगल सर्च ट्रैफिक 20 सालों में पहली बार कम हुआ है। गूगल के ऐड-बेस्ड बिजनेस मॉडल के लिए यह एक झटका है। एआई मोड अब मेन गूगल सर्च इंटरफेस के अंदर एक टैब के तौर पर उपलब्ध हो गया है। यह यूजर्स को चैटजीपीटी जैसा चैटबॉट अनुभव करता है। यह फीचर गूगल के मेन एआई मॉडल जेमिनी से पावर्ड है। गूगल के मुताबिक नया यूजर इंटरफेस बेहतर रीजनिंग और कॉन्टेक्स्ट-बेस्ड सवालों को सपोर्ट करता है। फीचर्स के अगले सेट में यूजर्स को अपनी खुद के फोटो को अपलोड करने और शॉपिंग के दौरान आउटफिट्स को वर्चुअली ट्राई करने का ऑप्शन मिलेगा। गूगल के सर्च प्रोडक्ट के वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कंपनी इस बात पर भी विचार कर रही है कि ऐड्स को एआई मोड में कैसे इंटीग्रेट किया जाए। उन्होंने कहा कि हम इसे उस कॉन्टेंट का हिस्सा मानते हैं जिसे लोग वाकई में पसंद करते हैं। गूगल ओपनएआई की बराबरी करने की कोशिश कर रहा है, जिसने 2022 में अपना चैटजीपीटी लॉन्च किया था और यह कुछ ही समय में पॉप्युलर एआई प्रोडक्ट बन गया। हाल के महीनों में जेमिनी ने भी उपयोगकर्ताओं को अपनी तरफ खींचा है, लेकिन यह अभी भी यूजर अडॉप्शन में चैटजीपीटी से पीछे है। गूगल माइक्रोसॉफ्ट से भी पीछे है, जिसने ओपनएआई पर अरबों खर्च किए और अपने मॉडल को बिंग और ऑफिस ऑफरिंग में डाला। पिचाई ने कहा कि गूगल को उम्मीद है कि वह इस साल ऐपल के साथ एग्रीमेंट फाइनल कर लेगा, ताकि सीरी के जरिए जेमिनी को उपलब्ध कराया जा सके। बता दें गूगल का नया फीचर अभी अमेरिकी यूजर्स के लिए उपलब्ध है।



# हेरा फेरी 3 से परेश रावल के हटने पर आया सुनील शेट्टी का रिएक्शन

इन दिनों परेश रावल सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। इस पर अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपना रिएक्शन दिया है। हाल ही में एक एक इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि हेरा फेरी 3 से परेश रावल हट रहे हैं तो वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों से हटना बड़ा नुकसान है। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार को भी इसके बारे में जानकारी नहीं थी।

### सुनील शेट्टी हुए हैरान

सुनील शेट्टी ने बातचीत में बताया कि मेरा मतलब है यह मेरे लिए बहुत बड़ा सदमा है। मैं यहां इसलिए आया हूं क्योंकि मैंने कल ही यह सुना था, और फिर आज, कुछ और खबरें आईं। इसलिए, मुझे फोन करके पता लगाना है। मैं पूरी तरह से टूट गया हूं क्योंकि अगर कोई एक फिल्म थी जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था, तो वह हेरा फेरी थी। परेश रावल के बिना नहीं बन सकती फिल्म हेरा फेरी 3 में सुनील शेट्टी श्याम का किरदार निभाने वाले हैं। सुनील शेट्टी ने बताया कि उन्हें लगता है कि बाबू भैया के बिना तीसरी किस्त नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा परेश रावल के बिना 100 प्रतिशत यह नहीं बन सकती। मेरे और अक्षय के बिना इसकी 1 प्रतिशत संभावना हो सकती है, लेकिन परेश जी के बिना 100 प्रतिशत नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा कि वह नहीं जानते कि फिल्म का क्या होगा। उन्होंने कहा यह फिल्म हमारे दिमागी सेहत के लिए बहुत अहम है। मैं नहीं जानता कि क्या होने वाला है।

### परेश रावल ने दी फिल्म से हटने की जानकारी

आपको बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने अक्षय कुमार की फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। परेश रावल ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर भी दी है। खबर है कि नुकसान की भरपाई के लिए अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने परेश रावल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।



# साउथ में काम करने के दौरान हुआ बुरा अनुभव

संयमी खेर के करियर को लगभग दस साल हो चुके हैं। एक तेलुगू फिल्म 'रे' से इस एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत की। इसके बाद साल 2016 में राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'मिर्जिया' से बॉलीवुड में कदम रखा। अब तक वह कई फिल्में और कुछ वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने बताया कि जब करियर शुरू कर रही थी, स्ट्रगल कर रही थी तो उन्हें भी कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा।

संयमी खेर ने हाल ही में बातचीत में कहा, 'शुरुआती दौर में फिल्म इंडस्ट्री में एक एजेंट थी जिसने मुझे 19 या 20 साल की उम्र में एक तेलुगू फिल्म के लिए बुलाया था। उसने कहा कि तुम्हें पता है, तुम्हें समझौता करना पड़ेगा। तो मैंने उनसे पूछा कि मैम मैं समझ नहीं पा रही हूं कि आप क्या कह रही हैं? इस पर वह बोलीं, 'देखो, तुम्हें समझना होगा। तब मैंने कहा कि आपको लगता है कि मुझे इस रास्ते पर चलने की जरूरत है। मेरी अपनी लिमिट है, जिन्हें मैं अपनी जिंदगी में कभी पार नहीं करूंगी।'

### इन फिल्मों-वेब सीरीज में संयमी नजर आईं

अब तक संयमी चोक्ड, अनपॉज्ड और वाइल्ड डॉग और हाईवे जैसी साउथ की फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह आर. बाल्की की फिल्म 'घूमर' में लीड रोल भी कर चुकी हैं। हाल ही में वह सनी देओल की फिल्म 'जाट' में भी नजर आईं। वेब सीरीज 'स्पेशल ऑप्स', 'ब्रीद' और 'फाड़ू' में भी वह अहम किरदार निभा चुकी हैं।

### फिल्मी परिवार से है नाता

50 के दशक की मशहूर अभिनेत्री उषा किरण संयमी खेर की दादी हैं। संयमी के पिता मॉडल रह चुके हैं। साथ ही संयमी की बुआ तन्वी आजमी भी नामी एक्ट्रेस हैं। संयमी की बड़ी बहन संस्कृति भी मराठी फिल्मों में एक्टिंग करती हैं। इस तरह संयमी का लगभग पूरा परिवार ही फिल्मों से जुड़ा है।





# आदर्श गौरव शनाया कपूर के साथ जल्द करेंगे 'तू या मैं' की शूटिंग

फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। जल्द ही इसकी शूटिंग आदर्श गौरव और संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर करेंगे। हाल ही में एक बातचीत में आदर्श गौरव कहते हैं, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर काफी एक्साइटेड हूं। फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी। मैंने इस तरह की फिल्म पहले नहीं की है, यह बिल्कुल अलग जॉनर की फिल्म है।'

निर्देशक बेजॉय-शनाया के साथ काम करके खुश आदर्श गौरव आगे कहते हैं, 'बेजॉय नांबियार के साथ काम करना कमाल का अनुभव है, उनकी सिनेमा की समझ बिल्कुल अलग है। वहीं शनाया कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी खास एक्सपीरियंस है। मैं बहुत एक्साइटेड हूं, दर्शकों को यह बताने के लिए हम क्या नया बना रहे हैं।'

### आदर्श गौरव-शनाया के बाकी प्रोजेक्ट्स

आदर्श गौरव के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' में नजर आए थे। वहीं फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर को हाल ही में एक और फिल्म मिली है। इस फिल्म का नाम 'जेसी है। इसके अलावा वह विक्रांत मैसी के साथ एक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की भी कर रही हैं। इसी फिल्म से शनाया का डेब्यू बॉलीवुड में हो रहा है।

# कमल हासन ने बताया कैसे हुई मणिरत्नम से दोस्ती



तमिल सुपरस्टार और दिग्गज अभिनेता कमल हासन इन दिनों अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो चुका है, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान कमल हासन ने इस फिल्म में दिग्गज फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ 35 साल बाद फिर से काम करने और उनके साथ अपनी दोस्ती को लेकर चर्चा की।

### ऐसे हुई कमल हासन और मणिरत्नम की दोस्ती

कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ आखिरी बार 1987 की सुपरहिट फिल्म 'नायकन' में काम किया था। इसके बाद दोनों ठग लाइफ में साथ आ रहे हैं। मणिरत्नम के साथ अपने रिश्ते और दोस्ती का जिक्र करते हुए कमल हासन ने कहा, मैं उन्हें उसी इलाके में रहने वाले एक दोस्त के रूप में जानता हूं। मुझे यह भी नहीं पता था कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। वह एक इंसान थे और मुझे उनके बात करने का तरीका पसंद आया। हम दोस्त बन गए। हमारे दोस्तों का एक ग्रुप था और हम केवल सिनेमा के बारे में बात करते थे और कोई गपशप नहीं करते थे और यहीं से हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई।

### 'हम खुद फिल्मों के प्रशंसक हैं'

खुद को और मणिरत्नम को फिल्म लवर और सिनेमा का फैन बताते हुए कमल हासन ने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया, जब हम कोलाबा के पास 'नायकन' की शूटिंग कर रहे थे और रमेश सिप्पी साहब फिल्म सिटी में शूटिंग कर रहे थे। हम सभी रमेश सिप्पी की शूटिंग देखने गए थे। हम भी प्रशंसक हैं, फिल्म लवर हैं और यही हमें यहां लाया है। हम किसी भी सेट पर जाकर किसी को भी देखेंगे, खासकर जिन्हें हम प्रतिभाशाली मानते हैं, हम उन्हें और अधिक देखना चाहेंगे।

### मणिरत्नम ने की कमल की तारीफ

इस दौरान निर्देशक मणिरत्नम ने भी कमल हासन के साथ अपनी दोस्ती को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे याद है जब वह तमिल में 'सदमा' की योजना बना रहे थे और मैंने जो कहानी सुनी है, वह मेरे दिमाग में बसी हुई है, जब उन्होंने कहानी सुनी। वह वापस आए और उन्होंने उस सीन को किया और उन्हें बताया कि वह सीन क्या था। इस तरह के व्यक्ति हैं कमल हासन। मैं भाग्यशाली था कि मैं उनके साथ काम करते हुए उनसे बातचीत करने में सक्षम था। इसलिए, मुझे पता था कि कोई ऐसा व्यक्ति है जो हम सभी के लिए एक बड़ा रास्ता बना रहा है और उसने वही किया है।




# रितेश की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज, अभिषेक-संजय भी हिस्सा

एक्टर रितेश देशमुख दर्शकों के लिए एक शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं, जो स्टार कलाकारों से भरी हुई है। छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित फिल्म राजा शिवाजी का पहला लुक जारी हो गया है। इसकी जानकारी रितेश ने अपने सोशल मीडिया पर बताई है, इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के स्टार कास्टों के बारे में भी जानकारी दी है।

अभिनेता रितेश देशमुख खुद के निर्देशन में मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है राजा शिवाजी। डायरेक्शन में डेब्यू के साथ-साथ रितेश देशमुख इसमें मुख्य भूमिका में भी नजर आएंगे, यानी कि अभिनेता शिवाजी महाराज की भूमिका में दिखेंगे। इसकी एक झलक भी दिखाई गई है, जिसे एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को दिखाया गया है, जो तलवार लिए हुए हैं और दुश्मन उनके सामने ढेर पड़े हुए हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख के अलावा अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्त और जेनेलिया जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट शेयर किया है। उन्होने कैप्शन में लिखा, 'भारत के महान योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को सिनेमाई श्रद्धांजलि पेश करने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।'






# अपनी खुशियां कुर्बान करने से आप अच्छी मां नहीं बन जाएंगी, आपको भी हक है

**छोटा पर्दा हो या ओटीटी, पंजाबी सिनेमा या बॉलिवुड, सुरवीन चावला ने बतौर कलाकारा हर माध्यम में अपनी छाप छोड़ी है। वह इस बात की भी नज़ीर हैं कि एक पत्नि और मां के दायित्व के बावजूद आप करियर में और ऊंची उड़ान भर सकती हैं। इस साल चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा में नजर आने वाली सुरवीन से खास बातचीत**

**हेट स्टोरी 2 हो, उंगली हो या सेक्रेड गेम्स, आपके किरदार बड़े कॉम्पलेक्स रहे हैं। आपके आने वाले चारों शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा भी डार्क जोन में ही हैं। क्या आपको ऐसे कॉम्प्लेक्स किरदार ही लुभाते हैं?**

शायद, मुझे ऐसा लगता है और मुझे उसमें मजा भी आता है, क्योंकि असल जिंदगी में भी इंसान सिंपल नहीं होता। लोगों की अपनी-अपनी जटिलताएं होती हैं तो जब ऐसे किरदार आते हैं तो मुझे लगता है कि इसमें खेलने को ज्यादा मिलेगा, क्योंकि वे जिंदगी के बहुत करीब होते हैं। ये सही है कि मेरे पास ऐसे ही किरदार आते हैं जो बहुत कॉम्प्लेक्स और लेयर्ड होते हैं, मगर ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ वैसे ही किरदार करना चाहती हूं। मेरा भी मन करता है कि कभी डार्क और हैवी किरदारों के बजाय थोड़े हल्के-फुल्के किरदार करूं। मैं कमर्शल मसालेदार काम भी करना चाहती हूं। जैसे, डीकपल्ड में मुझे बहुत मजा आया, वो हल्का फुल्का, फन शो था। हालांकि, उसमें भी रिश्तों की काम्प्लेक्सिटी थी। ऐसे किरदारों को रियल बनाना ज्यादा चैलेंजिंग है, क्योंकि हमें रियलिस्टिक किरदार करने की इतनी आदत हो जाती है कि उसमें ज्यादा मेहनत लगती है।

**शूटिंग के बिजी शेड्यूल में जब बेटी को नहीं मिल पातीं तो कभी मॉम गिल्ट भी होता है?**

यार, पता नहीं इस बात के लिए मुझे अच्छी नजर से देखा जाएगा या बुरी नजर से, मगर इन 6 सालों में मुझे कभी मॉम गिल्ट नहीं हुआ है। मॉम गिल्ट क्यों होना चाहिए? मैं अपने को पीछे नहीं रख सकती हूं। निश्चित तौर पर हम माओं को बच्चे के लिए बहुत सी चीजें करनी पड़ती हैं। अपनी प्राथमिकताएं बदलनी पड़ती हैं, जिसमें ज्यादातर समय बच्चा सबसे ऊपर होता है, लेकिन मेरे बच्चे से पहले से मेरी एक पहचान है। मैं एक इंसान हूं। मैंने अपनी एक जिंदगी जी है। मेरी भी कुछ चाहतें हैं, तमन्नाएं हैं, ये कुर्बानियां देने से आप अच्छी मां नहीं बन सकती हैं, क्योंकि वो कुर्बानी कहीं ना कहीं आपकी अपनी खुशी को मार रहा है और अपनी खुशी को मारकर आप किसी और को खुशी नहीं दे सकते। मेरा मानना है कि बच्चे और पार्टनर के बाद भी अपनी जरूरतों को आगे रखना जरूरी है।

**क्रिमिनल जस्टिस 4 में घरेलू हिंसा जैसा गंभीर मुद्दा उठाया गया है। आज के आधुनिक दौर में भी तमाम औरतें ऐसी हिंसा और गैर-बराबरी सह रही हैं। आप इस बारे में क्या सोचती हैं?**

इस समस्या के पीछे बहुत सारे कारण हैं। हमारे लिए बात करना बहुत आसान है, मगर जो ये सब सहती हैं, उन पर क्या बीतती है, उनकी क्या मजबूरी है! वो आप नहीं जानते। कोई इंसान बिना वजह कुछ नहीं झेलता है। हम शहरी, पढ़े लिखे, आर्थिक रूप से सक्षम लोग हैं। हम अपनी सोच में भी आजाद ख्याल औरतें हैं तो हम अपने घर पर बैठकर बोल सकते हैं कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए, सहना नहीं चाहिए, लेकिन जिनके हालात ऐसे नहीं हैं, उनकी आवाज निकलेगी कैसे? उनके ईको सिस्टम में सपोर्ट क्या है? जो औरत आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वो जाएगी कहां? तो इसका एक बड़ा पहलू ये भी है कि अगर आप आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी तो आप आवाज उठा पाएंगी। आप निडर होंगी, क्योंकि बहुत सारा साहस आर्थिक स्वतंत्रता से आता है। जब आपके बैंक में पैसे पड़े होते हैं ना, तो आपकी आवाज अपने आप बुलंद हो जाती है तो ये आर्थिक स्वतंत्रता बहुत जरूरी है।

**इस साल आपके चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा आने वाले हैं। उनके बारे में क्या कुछ खास रहा?**

क्रिमिनल जस्टिस मेरा पसंदीदा फ्रेंचाइज रहा है। इसमें थ्रिल के साथ समाज से जुड़े मुद्दे और इमोशन होते हैं, तो इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैं पंकज जी (पंकज त्रिपाठी) की बहुत बड़ी फैन हूं तो उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। पंकज जी चलता-फिरता स्कूल हैं। असल में जब कोई फिल्म स्कूल से होता है तो उनका मेथड अलग होता है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वहीं, मंडला मर्डर्स बिल्कुल अलग जोन में हैं। वो भी बहुत रोचक थ्रिलर है, जिसमें खूब सारा प्यार, ऐक्शन और रहस्य है। मेरा रोल उसमें क्रिमिनल जस्टिस से बिल्कुल अलग है। राणा नायडू के बारे में जब जानते हैं, मगर सेकंड सीजन में वह और धमाकेदार होने वाला है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in